heard in the recitals of the *Mahābhārata* and *Rāmāyaṇa* dramas. *Brāhmaṇas*, *kṣatriyas*, *vaiśyas* and *śūdras* are all there. There is no further fragmentation of castes. The law of Manu, e.g., a higher caste man can marry any woman from any caste lower to his own, is still prevalent in Bali. This has occasioned a free mixing. Almost every *brāhmaṇa*, *kṣatriya* or *vaiśya* has his *śūdra* relatives. It is not possible to despise the *śūdra*. He is loved and given his due. Every house and village has its own Gods. On the sea-coast of *Singharāja* there stand out three temples dedicated to the Vedic God *Varuṇa*. Cremation is their grandest ceremony. It is known as 'Sukha-Dukha'. Sukha, because the soul goes to Indraloka, and Dukha, because it causes agony among those it has left behind.

Painting and sculpture which have been deplorably ignored during the past six centuries in India, are still practised there by common villagers. If India has to revive her arts the Balinese will supply them the link with our past.

Verses are composed in Sanskrit metres, such as *indravajrā*, *śikhariṇī* and *aśvalalitā*.

In Java the shadow-plays depict the stories of Arjuno, Bhimo, Krishno and Ghatotkacho. I have myself witnessed for one full night the shadow-play of *Subhadrāharaṇa*.

I have seen the use of *mālatī* flowers for decorating the hair of dancing girls among the orthodox Muslims of Sumatra.

The National University at Jogyakarta is named Gajahmada, after the greatest Hindu statesman of ancient Java. The Indonesian flag is designated *Dvivarṇa*, two colours, and the five cardinal points in their Constitution are lovingly called *pañcaśīla* which reminds one of the Buddhist initiation. Sanskrit names of persons are common in Java.

There is a large number of theosophists who are fond of the *Bhagavad-gītā*. I have travelled extensively by Indonesian airways which they call *Garuḍa*. *Garuḍa* is the vehicle of *Viṣṇu* and in the memory of the race both *Viṣṇu* and *Garuḍa* occupy a place of reverence.

The old Javanese alphabet, derived from the Pallava alphabet of South India, is still taught in primary schools.

The sympathetic action, which our government took in furthering the cause of Indonesian freedom, has won for us the hearts of the present generation.

Before I conclude, let me also tell my listeners about the enormous and most varied literature of Indonesia. According to my own calculations it

extends beyond one thousand separate titles, dealing with mantras, pūjās, vidhis, Tantras, itihāsas, astronomy, astrology, magic, lovelore, history and genealogies. These are the products of co-operation of Indian and Indonesian pandits working under the patronage of great kings such as *Śrī Īśānavikrama Dharmmottuṅgadeva, Śrī Lokeśvara Dharmmavaṁśa Airlaṅga Anantavikramottuṅgadeva.*

The Indonesian era up to the present is the *Śaka Saṁvat.*

During my stay in Indonesia I never felt that I was in a foreign land. India and Indonesia have been participants of one culture in the past and let us hope that in the future also we shall together contribute to the making of a happier world.

Broadcast from All-India Radio, Nagpur. Published with the permission of the Director, AIR, Nagpur, vide his letter, no. P 9 (2) 52/5901, dated 11.6.52.

MY EXPERIENCES IN INDONESIA

For a quarter of a century I have been reading of our great neighbour across the ocean, known in their own literature as *Dvīpāntara*, as *Bhūmyantara* and in semi-translation *Nusantara*—the islands lying between two land masses of China and India. The Dutch named them as Indonesia, Indo+nesia meaning islands. After their freedom from the Dutch they call themselves in a loving way Indonesia Raya. These are the lands of perpetual spring. Verdure greets the eyes all round. There is plenty of everything. Nature has ordained that famine shall never invade the shores of these myriad islands.

Last year I wended my way to Indonesia as on a pilgrimage for paying my homage to the mighty monuments that the ancient kings of Java created. The world renowed Barabudur, crystallizes in stone the stages of spiritual attainment dominated by bliss and tranquillity, so nobly portrayed by hundreds of statues of Buddha, the Prince of Peace. Its niches and tableaux, marvels of a byegone craftsmanship, shall continue for ever to draw the admiration of and to inspire the future generations. Stories of Indian origin, stories intended to inculcate morals and un-selfishness, stories of past lives of Buddha are depicted over a length of five kilometres. Here one sees the ancient open boats carrying merchant-princes from the mouths of Narmada, Godavari and Ganga to the shores of Java and Sumatra, Bali and Borneo.

Here one witnesses some of the mightiest adventures undertaken by our ancestors, their tales told by silent sculptures. We ourselves have lost all memory. Our literature is mute about the activities of our people extending over 1500 years.

Not very far from Barabudur is the complex Prambanan, the like of which is known neither to India nor to any other neighbouring or distant land. There I saw the loving care which is being bestowed by Jawatan Purbakala, as the Archaeological Department is named, on the restoration work, patiently searching for hours, days and may be even weeks, for single blocks of stone out of hillock pile, the right one, that is the one which actually stood at position there, in a frieze, of few dozens, or that which decorated a particular corner in a particular layer. Here are the life cycles of Lord Kṛṣṇa, known as Kṛṣṇāyana, parallel to Rāmāyaṇa, the powerful dragons being torn asunder by the superb arms of the Divine Boy Kṛṣṇa.

In another place is the scene of Kumbhakarṇa being awakened by conchs and screeches of elephants, a portrayal of the highest order.

At Prambanan the central triad of temples devoted to the Trimūrti was originally surrounded by smaller shrines in four encircling rows. The ravages of time, not less than the ravages of the non-faithful have been responsible for the total disappearance of the fourth row of shrines. All that is left are blocks of rectangular stone, blocks. No lamp is lighted in the temples and the temples in their turn do not enlighten the hearts of man. Only occasionally does a devotee appear to offer his faith and to receive the ray of hope for the future of his life.

Java, the hoary centre for radiating culture and civilization is still the heart of Indonesia. It has played the same role as Central Asia did during the first eleven centuries of the Vikrama era.

The population of Java is forty millions while the other islands of Indonesia lodge only thirty millions. Java is culturally the most advanced. The name is the Sanskrit *Yava*, Hindi *Jau*, meaning 'barley corn', referring to the form of the island. Yavadvīpa occurs as early as in the Rāmāyaṇa of Vālmīki. Yavadvīpa is analagous to Āmradvīpa, which designation describes the islands of Ceylon most graphically.

Sumatra, interpreted by President Soekarno as the 'Goodly Mother', is the ancient Suvarṇa-bhūmi 'the Golden Terrain', the home of the extensive empire of Śrīvijaya.

I had spent one full fortnight in this lovely country, studded with mountains and valleys, oil wells and rubber plantations. This I did as a member of the Party of the President Soekarno—a name beloved of the people and the officials alike.

I spent nine days in Bali, the land of enchantment, the jewel of two oceans—the Indian and the Pacific. It is here that fauna finds its easternmost limit. The next island Lombok separated by only a few thousand yards marks the westernmost limits of Australian fauna. The people are either brāhmaṇa, kṣatriya, vaiśya or śūdra. According to the laws of Manu, the brāhmaṇa can marry from any of the four castes and a kṣatriya from any of three castes, and so on. Thus there is relationship by blood amongst all the four castes. A brāhmaṇa is respected but the śudra is not despised. He is not shunned. He cannot be shunned, because on the mother's side a brāhmaṇa, a kṣatriya or a vaiśya has śūdra relatives in plenty.

The people are born artists. They still write and engrave on *lon-tars* or palm-leaves. The weird, the marvellous, the pious depths of the human soul blossom up in dance and festivities. The Barongs illustrate to the simple unsophisticated folk, the victory of good over evil.

In Bali, the curtain cast by history for 10 to 15 centuries is removed and one comes face to face with the ancient life, religion and ceremonial of Javanese life, as lived between 500 and 1500 A. D. Here one hears even Old Javanese songs. What I had read in Sanskrit literature and which I could only visualise and reconstruct hypothetically that revealed itself in a vital and viable form in Bali. Here ancient India lives and flourishes.

I derived great benefit from Indonesia's research organizations. I have to mention particularly two : Kirtya Liefrinck van der Tuuk in the capital of Bali named Singaraja and Jakarta Museum in the capital of Indonesia. Their collections have been made over a long period and here one can study the remotest corners of Indonesia in their various aspects of art and literary products. There are thousands of manuscripts in Javanese with valuable commentaries in Balinese. This literature represents the literary activities of a thousand years. It is unique in many ways. While in Tibet and China Indian texts were translated, here in Indonesia Indian texts were not translated but adopted and re-cast so as to suit the needs of the Indonesians. The literature of the Bataks in Sumatra has been preserved on coarse barks of trees and on bamboo poles. It is a virtual wonder.

The education system of Indonesia has yet to provide for the study of her past. At the present moment there are hardly a dozen scholars who can read and understand this ancient lore. The greatest name among them is Purbacharaka, an affable old man. The knowledge of Sanskrit is absolutely necessary for understanding Javanese and Balinese literature. The alphabets are in every case derived from India. Words denoting political institutions and higher concepts relating to art and religion are also from Sanskrit. The metres in the kakawins are śārdūla-vikrīḍita, anuṣṭubh, aśvalalitā, śikhariṇī, indravajrā, etc. etc.

The penta- and hepta-tonic orchestra, the gamelan is of purely Indonesian origin. It is a treat to hear the gamelan played at dusk by a band of 20 to 30 artists in a half-lit pavilion surrounded by palms.

The wayang is another contribution of Indonesia to the removing of some of the dull boredom which accumulates and works on the mind of the people going round their daily routine. The wayang kulit gilded and painted, with holes over the entire surface is a shadow play when seen by women and the common folk but a puppet play when seen by the high and noble who sit on the front side of curtain. It is not only an entertainment but it has a highly ethical and disciplinary value for the intellectuals and contemplative spectators.

The chief spectator, for example: Bung Karno as the President is popularly called, may well spend a whole night magnetized and charmed by Arjuno whom he may entertain in his own mental frame, and thus participate in his heroics.

The stories of the wayang are from the Mahābhārata and Rāmāyaṇa. Names of Mahābhārata characters are known to every village boy. The stories have been assimilated and worked over by the scholars and the peoples of Indonesia in their own way.

Indonesia is composed of a few hundred islands speaking no less than 250 languages. The national language is Bahasa Indonesia. The local languages are taught only in the first three years of the primary schools. Later on it is the national language, which is studied and used. It is the language not only of the school but of administration also.

Economically the life of the people, in the villages as well as in towns is controlled by a huge Chinese population. The common saying is: 'The rice is grown by the Javanese, but when he wants to eat it, he must buy it from the Chinese'. The Chinese are over half a million. They are hard-working, and intelligent. Whether it is blackmarket or smuggling, they dominate. Big buildings and commercial concerns are their property. The Javanese and other Indonesians will take a long time before they could control business. There are only a few Indians in a few big cities. They deal mostly in textiles and are doing well.

The destinies of Indonesia are in the hands of a mighty man, a man of resolve, acute in mind, undaunted in courage, loving and beloved of his people, leading them from victory to victory, the Kepala Negara, Paduka yang Muliya, Bung Karno. He will go down into history as one of its makers. His flaming orations sway the masses leading them into the right channels. He is the symbol of Indonesian unity, equally at home in Hindu Bali and Muslim Sumatra. Like the illustrious Erlaṅga, he is born of Bali-Javanese parentage. He has a progressive mind. I have had the privilege and the honour of enjoying his hospitality for a fortnight and of accompanying him on his tour to Sumatra in Convair and in convoys. I have had the greatest pleasure of listening to his syllabificatory orations and being one of the millions devoted listeners at not less than 30 gatherings from Padang and Medan to Prapat, Brestagi and Kotaraja in the extreme north. With him I have visited the land of the brave Bataks.

Kotaraja reminds one of Rajkot in Western India which has been connected with Indonesia for more than a millenium and a half.

I shall end with *Merdeka* that encompasses the achievements, the hopes, and aspirations of this young free country. *Merdeka* in its etymological elements *Mahā* and *ṛddhi*, that is 'great prosperity', enshrines the goal of the nation. Merdeka!



Plan of the Barabuḍur

BALI ISLAND

Bali is a small island just east of Java. Bali has been a forgotten land, where sun-bronzed women dress as Eve, a land where nobody hurries and all is peace. It is a little paradise where men wear flowers in their hair. A paradise where people live happily without money, without clothes, and without enmity. A paradise where you can buy a little thatched house for a song and live easily on fruit and sunshine.

The million people live in comfort on the eastern half of the Island, and the other half is an impenetrable wilderness of jungles and mountains, still inhabited by tigers.

This is the outermost post of Hinduism. A land where you find brahmans, devas (kṣatriyas), vaiśyas and śūdras, living in harmony without any feeling of haughtiness or of being lowly. On the east coast as you come to the capital which has a Hindu name Singaraja, you find the temple of Varuṇa, a thing unknown in India. Every village is centered round a temple. Near Singaraja itself, you find the largest and the most richly arranged of all Balinese temples. It has been named Sansiddha, the goddess of plenty. This temple is usually known as Devī Śrī. The temple is a gigantic one, and is a feast of culture and richness. You find the Trinity of Śiva, Viṣṇu and Brahmā seated in high stone chairs. On festival days three seats, one for Śiva, another for Viṣṇu and a third for Brahmā, are draped with white cloth. Little dishes of food and betel-nut are placed before each seat. You will also find the Nāga with seven heads.

Besides the road there is a bathing-place known again by a Sanskrit word, Tejakula. The Balinese have a passion for bathing and pools are used every morning of the year. Every village has its own bathing place.

Banyans are sacred trees just as in India. Near the groves of banyan-trees, there are hidden shrines where the villagers bound for market, go to offer a brief prayer for the day's success.

At the temples you will find lontars. This name they give to the palm-leaf books which they write for religious ceremonies.

The Balinese people have forgotten the Sanskrit language but they still write it and recite Sanskrit ślokas and mantras. They still recite books known by the names of Caturveda, Yajurveda, etc. They still sing the prayers of Gaṅgā, Yamunā and Sarasvatī in Sanskrit ślokas. One śloka I may quote here:

Gaṅgā-dvāre Prayāge ca Gaṅgā-sāgara-saṅgame.

Temples are of 5,7,9,11 or 13 storeys, arranged like pagodas. These are known by the Sanskrit word *Meru*. These beauty-loving people thrive on ritual. They throw themselves into their ceremonies with almost fanatic zeal to the accompaniment of a most charming music.

They marry as soon as they reach puberty and that is the end of their love-making.

Doors are never locked in Bali. There are no thieves. It may sound unbelievable, but this is what all foreign travellers have recorded.

Botanists claim that every known orchid grows in Bali. Gaudy parrots and crimson birds fly by the roads. Bali has its Goa Gajah or Elephant-Cave. It is a temple built in a solid rock. It is carved like a giant elephant-head with an opening under its trunk which goes back into a black cavern.

The whole island is full of temples. The oldest among them is known as Pura Kṣatriya, which was once the favourite offering place of princes who made pilgrimages to it from all parts of the island. Though the temple lies in ruins nowadays, it is greatly respected by everybody.

The drinking bowl of the Balinese has unique interest. It is usually bird-shaped and is used in temples and market places The whole idea of its shape is that it shall be hygienic. Anybody can pick up the bird-shaped cup, pour a stream of water into his up-lifted mouth from the beaked spout without touching it with his lips. In this way hundreds of people are able to drink from the same bowl without contaminating it.

In their dramas and shows Arjuna and Bhīma play the most important parts. Arjuna steals the queen of Laṅkā and the Monkey-king with his army comes in pursuit. Another important character is Citrākāśa.

An ambitious Armenian thought of making a fortune by introducing the American movies in Bali. At the opening night the showhouse was so full that the avaricious business-man congratulated himself on his sagacity. The Balinese are avidly curious. Once their curiosity was satisfied they went about their business. They came once to see and when the programme changed in a few days the showhouse was empty. No amount of price-reduction or coaxing could make the Balinese accept the strange foreign shows.

The soul of the Balinese people goes to Indraloka. Their holy bathing place is known as Tīrtha and they burn their dead with pomp and ceremony.

Bali is a land of women. They predominate in the population. The modest woman has nothing to hide. That is the theory of Bali. Only the prostitutes cover their breasts. Others go about the forest paths and village lanes,

the sun shining on their broad shoulders and full-cup breasts. This was exactly how women deported themselves in public a thousand years ago in South and Central India.

Balinese meals consisting of rice and hot spices are served on banana-leaf at ceremonial occasions.

The first duty of the Balinese wife is to provide her husband with a son. The whole village celebrates the pregnancy festival near the approaching advent of a woman's first-born child. This is in due conformity of our *garbhādhāna* and *jātakarma saṁskāras*.

The Balinese have a communistic way of living. They help each other at harvest time, in their merry-making and in times of strife. When one man's rice is ripe, all his neighbours come to help him, each taking a share for his labour and so in turns they help each other. Nobody is rich and nobody is poor. It is a well-known fact that there is no real beggar in Bali. If a man cannot, for any reason, till his soil as the Gods expect, he is allowed one year during which time his neighbours till his land for him. After that if he still does not work, his land is taken away from him and divided among the neighbouring villagers.

Bali has lakes too. Every lake has temples built about it to the Desa Deva, that is, the local God. There is even a town named Kosambi which would remind us of Buddhist India. Bali has an active volcano which is thought to be the home of bhūtas. Another temple is known by the name Sukhavati. The bells ringing in these temples are known by the word ghaṇṭā. Kṛta-ghoṣa temple has ceiling drawings depicting the punishments in hell. This would remind the Indians of the *yama-paṭa* of Sanskrit literature. Garuḍa, makara and siṁha are their important art motifs. Sandle-wood is respected as in India. Keshiman, that is Śiva with long hair, has his own temples.

For years the Christians persisted in sending missionaries to this island. In 1866 a missionary from Holland succeeded in converting a man whom he named Nikodemus. Then the missionary tried to prevail upon him to help in converting others, saying they would burn in hell hereafter if they did not become Christians. But the Balinese laughed at the foolish Nikodemus. By and by Nikodemus became lonely. He missed the evenings at the temples with the music and the feasts and his old friends who did not speak to him any more. Half-demented he left his village and wandered from place to place trying to be accepted by his people again. When they refused to have anything to do with him, he flew into a rage and returning in the middle of the night, he killed the missionary. The Balinese, to punish him, carried him in a bamboo cage all

over the island as an example to the European authorities and their countrymen. Nikodemus felt the disgrace. In the end Nikodemus was buried and not burnt as a lasting disgrace. His soul would for ever haunt the earth in pursuit of unfaithful Balinese. For the Balinese belief is that the body must be burnt. By burying Nikodemus they had kept his soul out of Indraloka, the Balinese heaven. The Dutch forbade missionaries to land on the Island.

DAILY WORSHIP IN THE BALI ISLAND

The course of worship is known as *Pujā-parikrama* in Bali. It starts with putting on the cloth with the mantra ॐ तं महादेवाय नमः। After that comes putting on the girdle with the mantra ॐ अं शिवस्थितिकाय नमः। Then comes the putting on the upper cloth with the mantra ॐ उं विष्णुसदाशिवाय नमः, putting on a piece of cloth on the breast with the mantra ॐ मं ईश्वरपरमशिवाय नमः। The clothing ceremony being over there is washing of the feet with the mantra ॐ अं कं क ईश्वराय नमः। The rinsing of the mouth ॐ ह्रः उं फट् अस्त्राय नमः and washing of the hands ॐ ह्रः फट् अस्त्राय नमः। The clothing and washing being finished the worshipper sits down in the padmāsana posture, while chanting the mantra ॐ ॐ पद्मासनाय नमः। The next mantrā is for the purification of the body and in the Balinese language is termed *mantrani śarira* which reads as follows ॐ प्रसादस्थिति-शरीर शिव शुचिनिर्मलाय नमः। In front of the worshipper is a tray which is previously carefully covered. For the uncovering of the tray namaskāra is offered to Īśvara who is given a new designation ॐ इं ईश्वरप्रतिष्ठांजनलीलाय नमः स्वाहा। This is followed by a series of letters which are not joined into words, although it is not difficult to see the words intended: स ब त इ न म शि व य अं उं मं। From the tray the worshipper takes off the lamp which is called the amṛtadīpa ॐ उं ब्रह्मा अमृतदीपाय नमः। After the lamp is the ceremony for taking the flowers in hand with the mantra ॐ उं रः फट् अस्त्राय नमः। आत्मतत्वाय नमः.....Wherever Indian civilization has gone, flowers have played an important part in the ritual. Flowers represent purity and happiness.

The Bali Island has a set of hand-postures known as mudrās which are numerous and distinctive. The subject has not been investigated thoroughly. The language of the mudrās is philosophical and spiritual. The Balinese people themselves have lost the significance: ॐ उं रः फट् अस्त्राय नमः। आत्मतत्वात्माय नमः। The next item in the worship is the purification of the forefinger of the hand and is known in Balinese language as *karasudi caturaṅgula* (करशुद्धि चतुरंगुल). Its mantra is as follows ॐ शोधय मां.....ॐ अग्निरुद्राय नमः।

Rubbing of the hands, folding the hands, and wiping the body follow with their distinct mantras. Putting the lotus over the arghya vase, uplifting the tripada, joining the hands, laying down the tripada, throwing down the gandha akṣata, reversing towards the pradīpa, turning the arghya seven times

with the censer, holding in the smoke of the incense, covering the worship utensil, taking off the lid, filling the vessel with water, writing over water with a finger, turning the water three times, offering the gandha and akṣata and then prāṇāyāma, kumbhaka, pūraka and recaka with the mantra ॐ अं नमः कुम्भक । ॐ उं नमः पूरक । ॐ मं नमः रेचक । The performance of prāṇāyāma is done in strict accordance with the established norms. It is followed by the bringing of the Śrī Ātmā upto the Śivadvāra and then there is dagdhīkaraṇa with the mantra ॐ शरीरं कुण्डमित्युक्तम् अन्तःकरणम् इन्धनम् ।..... There are a few ślokas known as *Amĕrtikerani* (अमृतीकरण).

The ceremonies are evidently Tantric and Śaiva. There is the worship of Nine Śaktis. It is not possible for me to reproduce the numerous stages of worship and their mantras. The above is only a fragment.

The Balinese worshipper knows Seven Tīrthas (*saptatirta=sapta-tīrtha*)
ॐ अं गंगायै नमः । ॐ अं सरस्वत्यै नमः । ॐ अं सिन्धवे नमः ।
ॐ अं विपाशायै नमः । ॐ अं कौशिक्यै नमः । ॐ अं यमुनायै नमः । ॐ अं सरयवे नमः ।

There are at least a dozen stotras for Gaṅgā, Sindhu and other rivers as well as for the ocean.

Every limb of the body is marked with bhasma.

Whenever the Indian people will realise the identity of their soul with that of Bali then Bali will become one of the most beloved and frequented places of pilgrimage for every cultured Hindu. Today it is one of the loveliest spots for the American and European tourists. The Balinese people would welcome us with open arms. Although I am afraid that we shall have to make efforts to come up to their expectation and to satisfy their hunger for more spiritual knowledge. Themselves, the Balinese are one of the finest people of our globe. Their worship is unique in its dignity. Even the Roman Catholic priests have admitted that there is no grander sight than a Balinese pĕdanda engaged in worship. We have to go to Bali to see a facet of our own self. The Balinese people do not understand the Sanskrit mantras that they recite from day to day. In the long course of our negligence and degradation we have been cut off from Bali for the last six centuries. We must meet again. Bali shall refresh our souls.

बालीद्वीप में

भारतीय संस्कृति की उपासना का अर्थ निरन्तर तपस्या और गम्भीर यातना है। आज से लगभग २० वर्ष पूर्व एक फ्रेंच विद्वान् ने 'बाली के संस्कृत ग्रन्थ' इस शीर्षक से एक पुस्तक लिखी। यद्यपि पुस्तक छोटी सी थी किन्तु इसका अध्ययन रोमांचकारी हुआ। हृदय में तीव्र कामना उत्पन्न हुई कि इस द्वीपरत्न के दर्शन किए जाएं। यदि योरोप और अमरीका में बाली को विश्वयात्रियों का परम तीर्थस्थान माना जाता है, तो भारत में तो यह परमश्रेष्ठ माना जाना चाहिए।

१९५१ की २७ जून को कलकत्ते के डमडम विमानपत्तन से यूत्रेख्त नामक डच विमान में पूर्व की यात्रा आरम्भ हुई। ३ घण्टे ४० मिनट में थाईदेश की राजधानी बेंकॉक में विमान उतरा। वहां रात्रि विश्राम के लिए ठहरे। भारतीय मित्रों ने स्वागत किया। सांस्कृतिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए एक मित्र ने कहा

"In slavery India fought for her soul, in freedom she lost her soul."

२८ को प्रातः ७ बजे उड़ कर विमान साढ़े तीन घण्टे में सिंगापुर के महान् समुद्रद्वार पर उतरा।

द्वीप-स्पर्श

दोपहर के भोजन के पश्चात् यहां से प्रस्थान करके ३ बजे जावा की राजधानी जयकर्ता में उतरे। १ मास १० दिन जावा और सुमात्रा के ऐतिहासिक स्थानों का पर्यटन करने के पश्चात् शके श्रावण शुक्ला पञ्चमी को प्रातः ही विमान से उड़ कर ११ बजे बाली के विश्वविख्यात नगर देन्पासार में भूमिस्पर्श किया। हृदय गद्गद हुआ कि आज चिरप्रतीक्षित मनःकामना की पूर्ति होगी। गुप्त-कालीन भारत का साक्षात्कार होगा। इससे बढ़ कर और क्या जादू होगा कि १०, १५ शताब्दियां पार करके एक भारतीय अपने अतीत को मूर्तिमान् देख सके, अनुभव कर सके, उसके जीवन का अंग बन सके। यह स्वप्न नहीं सूर्य के प्रकाश में होने वाली तथ्यानुभूति है। दोनों हाथों से आखें मलीं कि कहीं भ्रम न हो। विमानपत्तन से समुद्र नीलमणिमय शान्त किन्तु मित्रों के कथनानुसार भयानक, रुद्ररूप, नहाने वालों के प्राण हरण करने वाला तथापि निरुपम शोभा वाला। पूर्व प्रबन्ध के अनुसार बाली होटल की गाड़ी हमको लेने आई। हृदय की उत्सुकता वायुमण्डल में प्रतिबिम्बित थी। होटल के द्वारों पर प्राचीन देवी देवताओं की महाकार मूर्तियां स्वागत तथा रक्षा के लिए विराजमान थीं। इनकी सौम्यता, वैभव और मनोज्ञता में भी दृढ़ता, प्रतिष्ठितपादता इतनी बलवती थी कि हृदय को आश्वासन होता था कि यह देश और इस देश के निवासी संसार में अविचलित हैं और रहेंगे।

होटल में निरामिष भोजन अच्छा स्वादु मिला। सायंकाल को बाली द्वीप के राज्यपाल

सुशान्तो आए। इनके साथ बाली के रेजिडेंट इ ग्दुङ् बागुस ओका तथा इ वायान् भद्र थे। सुशान्तो महोदय ने बड़े आदर और स्नेह से आलिंगन किया और अपने देश में स्वागत किया। आप यवद्वीप के निवासी हैं। मुसलमान हैं, तब भी भारतीय साहित्य, दर्शन और कला, नृत्य और नाटक से आपका अथाह प्रेम है। आपके अनुग्रह से बाली में सब प्रकार की सुविधाएं मिलीं। आप तो अगले दिन प्रातः पास के द्वीप लम्बक में चले गए किन्तु आपके पीछे श्री ओका और वायान् भद्र ने जो आतिथ्य किया वह जीवन भर स्मरण रहेगा। प्रातः ९ बजे श्री ओका और वायान् भद्र मुझको अपने साथ ले गए। हमारा ध्येय देन्पासार से, जो बाली के सर्वथा दक्षिण में है, सिंहराज को, जो बाली के सर्वथा उत्तर में है, जाने का था। मार्ग में चिन्तामणि नाम के पर्वत पर मध्याह्न भोजन के लिए ठहरे। यहां पर ही तो पंडित जवाहरलाल जी नेहरु दो वर्ष पूर्व उतरे थे और कहा था कि यह समाधिस्थान मेरे जीवन का उत्कृष्ट स्थान है। इसके चारों ओर हैं ज्वालामुखी पर्वत, चावलों की हरीभरी घाटियां, धुआं और धुंध, तथा शीतल सुखवाही वायु। केशिमान और सुखावती नाम के नगरों से हम लोग होकर यहां आए थे।

बालीद्वीप में सेना पर्याप्त है, सैनिक पुलिस भी है। किन्तु न तो सेना में और ना ही पुलिस में कोई बालि-निवासी है। बाली के लोग शूरवीर और अदम्य माने जाते हैं। भृत्य को भृत्य नहीं कहा जा सकता। पुरुष स्त्रियों के कपड़े नहीं धोते।

आगम तीर्थ

वायान् भद्र शूद्र हैं किन्तु द्वीप के प्रमुख विद्वान् हैं और क्या राजा क्या ब्राह्मण सभी आपका यथायोग्य समादर करते हैं।

अभी तक बाली में हिन्दू शब्द अज्ञात था। केवल डच शासकों के लिखे ग्रन्थों को पढ़ के ही बालि के लोगों को हिन्दू शब्द से परिचय हुआ। अभी तक बूढ़े लोग अपना धर्म 'आगम तीर्थ' बताते हैं। इनकी भाषा में आगम का अर्थ religion है। भारतवर्ष में religion का अनुवाद धर्म शब्द से किया गया—सो सर्वथा अशुद्ध है। जावा सुमात्रा आदि में भी आगम शब्द का सार्वत्रिक प्रयोग है। जावा के religious ministry का नाम 'कमन्त्रियान् आगम' है। मुसलमान अपने सम्प्रदाय को 'आगम इस्लाम' कहते हैं।

हिन्दू शब्द का प्रचलन होने में अभी कुछ और समय लगेगा। धार्मिक प्रचार के लिए बाली में 'पनित्या आगम' नाम की संस्था की स्थापना हुई। इसके सदस्य केवल बाली में ही नहीं किन्तु लम्बक द्वीप में भी बन रहे हैं।

संगीत, कला, प्रकृति और मन्दिर

बाली के ब्राह्मण और पुजारी अधिकांश संगीत, नृत्य, स्थापत्य और मूर्तिकला, चित्रकला तथा पूजापाठ में प्रवीण हैं किन्तु जो आक्षेप मुसलमान और ईसाई इनपर करते हैं उसका उत्तर देने में ये असमर्थ हैं। प्रकृति और मन्दिर, आमोद प्रमोद और श्रद्धामूल नृत्य तथा उपासना, ये सब मिल कर इनका जीवन बनाते हैं। उपासना के बिना इनका जीवन नीरस हो जायगा। उपासना में ही तो

उत्सव, अच्छा खाना, अच्छा पहिनना समाविष्ट है। पर्वतशिखर, वृक्षगुल्म, झील और गुफा सभी मनोरम स्थान तो भगवान् के निवास हैं। बाली का सबसे बड़ा पर्वत गुनुङ् आगुङ् ज्वालामुखी है। इस पर्वत से निकलने वाले धुएं में भी तो देवों की शक्ति की अभिव्यक्ति होती है। झीलों में देव रहते हैं—यदि देव नहीं तो भूत। इन्हीं अद्भुत स्थानों में से एक कोशाम्बी भी है। शिव, ब्रह्मा और विष्णु गांव-गांव के मन्दिरों में, नहीं घर-घर के मन्दिरों में मिलेंगे। कहीं मूर्त रूप में, कहीं अमूर्त रूप में। जहां मूर्त रूप में नहीं वहां उनके बैठने के लिए ईंट और ज्वालामुखी पर्वतों के कोमल पत्थरों के बने हुए पद्मासन नामी ८, १० हाथ ऊंचे स्तम्भ बने हैं।

देवमय जीवन

दिवस देवताओं की कृपा और अनुग्रह का प्रतीक है। रात्रि में निशाचर भूत रमण करते हैं—विशेष कर कृष्ण पक्ष की रात्रि में। इनसे रक्षा करने के लिए घरों के द्वार पर भयानक मोटी-मोटी आंखें और लम्बे-लम्बे दांत बाहर निकाले हुए पत्थर के एक दो कुत्ते खड़े होते हैं। स्त्रियों को चत्वरों पर भूतबलि रखते देख कर चारुदत्त का सुन्दर वर्णन स्मरण आ गया। बाली में आगम के कारण भेद भावना, संघर्ष अथवा कलह नहीं होते। धन-संग्रह करना भी इनके जीवन का उद्देश्य नहीं होता। चावल, नारियल, मकई की खेती करना और सन्तोष से घरों और मन्दिरों में जीवन व्यतीत करना इनके लिए परम सुख है।

पूजा के लिए श्वेत ताड़ के पत्रों से नाना प्रकार के फूल आदि बनाते हैं। प्रतिमास प्रत्येक परिवार अपने पड़ौस के मन्दिर के संधारण के लिए शालि का अंश देता है। मन्दिरों के बनाने में रुपये की विशेष आवश्यकता नहीं पड़ती। स्वयं किसान ही अद्भुत से अद्भुत चित्रकारी, मूर्तिनिर्माण और मन्दिरचिति का काम करते हैं। एक मन्दिर के बनाने में कई कई वर्ष लग जाते हैं। मन्दिर ७०, ८० फुट से ऊंचे नहीं होते किन्तु मूर्तियों की समृद्धि में इनकी तुलना करना कठिन है।

मन्दिर, स्त्री, पुरुष, बच्चे तथा प्राकृतिक सौन्दर्य तीनों एकरस हैं—यही बाली की रमणीयता है। यदि भारत और बाली की तुलना की जाए तो बाली का जीवन शुद्धतर है। शालिरोपण ब्राह्मण पुजारियों के आशीर्वाद से होता है। शालि का कटना भी। ब्राह्मण और पुजारी आलसी और दुराचारी न मिलेंगे। पूजा के समय शुद्ध भावना से जलपात्र पर मन्त्रोच्चारण विशेष दृश्य है। केवल चार वर्ण ही तो बाली में विद्यमान हैं—ब्राह्मण, देव अर्थात् क्षत्रिय, गुस्ति अथवा वेसिय, शूद्र अथवा कौल। मनुविहित अनुलोम विवाह गांव-गांव में होते रहते हैं। ब्राह्मण की चार पत्नियां—एक ब्राह्मणी, एक क्षत्रिया, एक वैश्या, और एक शूद्रा सामान्य बात है। क्षत्रियों का तो पहला विवाह शूद्रा से ही होता है। कोई भी त्रिवर्ण, त्रिवंश अथवा आर्य ऐसा न मिलेगा जिसके निकट सम्बन्धी अपने से हीनवर्ण न हों। इसका परिणाम यह है कि परस्पर कोई घृणा अथवा छुआछूत नहीं है।

निकोदेमुस

अपने राज्य के प्रारम्भ में डच ने ईसाई प्रचारक बाली में भेजे किन्तु उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। लोगों ने उनका स्वागत किया—किन्तु आगम ईसा की ओर उन्होंने ध्यान नहीं दिया।

वर्षों के निरन्तर यत्न के पश्चात् भी कोई बाली-निवासी ईसाई न बना। १८६६ में एक प्रचारक ने दृढ संकल्प किया। उसने इनकी भाषा का अध्ययन किया, इनकी लिपि का अभ्यास किया और इन्हीं के समान रहने सहने लगा। किन्तु जब उसने अपने देश को अपने कार्य का विवरण भेजा तो उसमें केवल एक व्यक्ति का उल्लेख था—यह भी आधा पागल। इसका नाम निकोदेमुस रखा गया। निकोदेमुस के द्वारा अन्यों को आगम ईसा में मिलने के लिए कहलवाया जाता रहा कि यदि ईसाई न बनोगे तो मृत्यु के पश्चात् नरक में जलते रहोगे। किन्तु बाली के निवासी हंस दिया करते। निकोदेमुस अकेला रह गया। उसके साथ अब कोई बात भी न करता। सांय और रात्रि में मन्दिरों की गोष्ठी, संगीत और भोज अब उसको कहां मिलते। अपने देशवासियों से विरहित जब वह ईसाई प्रचारक के घर के पास जाता तो उसको नरक की यातनाएं स्मरण हो आतीं। उसका मन भय से व्याप्त हो गया। अपना गांव छोड़ कर एक बस्ती से दूसरी बस्ती में घूमने लगा। जब लोगों ने उसे कहीं न अपनाया तब उसने क्रोध के आवेश में निशीथ के समय ईसाई प्रचारक को मार डाला। बाली निवासियों ने उसको बांस के पिंजरे में बन्द किया और चारों ओर उठाए फिरते रहे जिससे शासकों तथा अन्य बाली-निवासियों को शिक्षा मिले। निकोदेमुस लज्जित हुआ। किन्तु इस न्यक्कृति की अवस्था में भी अपने लोगों को रक्षा के लिए वह सर्वत्र यही कहता रहा कि मैं ईसाई हूं—सच्चा बाली-निवासी नहीं हूं। अन्त में इसको फांसी मिली। किन्तु इसके शव का दाहसंस्कार नहीं किया गया। केवल भूमि में गाड़ दिया गया, इसलिए कि इसकी आत्मा इन्द्रलोक में न पहुंच सके।

संस्कृत का अध्ययन

बालीद्वीप में अनेक सज्जनों ने मेरे से चिरकाल तक ठहरने की प्रार्थना की। भारतीय दर्शन को सुनने के लिए वे प्यासे हैं। आजकल उनका प्रयत्न चल रहा है कि वे संस्कृत भाषा का अध्ययन, अध्यापन अपने माध्यमिक स्कूलों में प्रारम्भ कर दें। संस्कृत पढ़ा सकने वाले उनके पास तीन चार विद्वान् हैं। उनमें से एक डॉ. खोरिस हैं जो जाति से डच हैं, किन्तु २५ वर्षों से बाली में रह रहे हैं। उन्होंने ही तो बाली के प्राचीन संस्कृत शिलालेखों का सम्पादन किया है। बाली में भारत-वर्ष के प्रचारक जाने चाहिएं—किन्तु प्रचारकों में विशेष गुणों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, उनको लालची सर्वथा न होना चाहिए। द्वितीय, वे परम विद्वान् हों। गीता, दर्शन, रामायण और महाभारत की कथा, पुराणों के प्रवचन, तान्त्रिक पूजा में निष्णात हों। जो आक्षेप अन्यधर्मी लोग हिन्दुओं पर करते हैं उनका समाधान करने में समर्थ हों। तृतीय, बाली की भाषा और उनके जीवन का अधिकाधिक ज्ञान उनको वहां जाने से पहले यहां रहते हुए प्राप्त कर लेना चाहिए। बाली की भाषा तीन प्रकार की है—नीच, मध्य और उच्च। प्रचारक को स्वयं तो उच्च भाषा का प्रयोग करना उचित होगा। किन्तु नीच और मध्य भाषा का समझना भी आवश्यक है। प्रचारक को बाली-निवासियों में हिलमिल जाना चाहिए। यदि वह पत्थर की मूर्तियां नहीं बना सकता, विद्याधरी और अर्जुन के नृत्य और अभिनय करने में असमर्थ है, तो वह बाली का नेता अथवा उपदेष्टा भला कैसे बन सकता है। चतुर्थ, बाली में स्त्रियों और पुरुषों का जीवन स्वतन्त्र है। इसलिए वहां जाकर भारतीय का सदाचारी रहना यहां की अपेक्षा भी अधिक वांछनीय है। जो

विचार मैंने यहां लिखे हैं वे बाली के निवासियों की याचनाओं और प्रार्थनाओं को ध्यान में रख कर लिखे हैं। किन्तु प्रचारक भेजने में राजनैतिक कठिनाइयां उपस्थित होंगी।

देन्पासार नगर में एक भारतीय समिति है। इसके सदस्य मुसलमान हैं। इन्होंने पं. जवाहरलाल जी का सत्कार किया था, किन्तु पाकिस्तान के प्रतिनिधियों का भी ये लोग खुले और छुपे दोनों रूपों से ही स्वागत और सहायता करते हैं। यह भी कहा जाता है कि कई ने दो दो पासपोर्ट रखे हुए हैं—एक भारत का, दूसरा पाकिस्तान का।

सिंहराज

सिंहराज में माया नाम का सिनेमा है और पाठशाला का नाम भक्तियश है। 'उद्यान ज्ञान भुवन' नामक सार्वजनिक पुस्तकालय है। एक गली का नाम गिरिपुत्री है। यहां की अन्वेषण संस्था का नाम ग्दुङ् कीर्त्या है। कीर्त्या के द्वार के दोनों ओर चित्र बने हैं। दाईं ओर हस्ति-आरूढ व्याध ने धनुष खींच कर बाण चलाया, बाईं ओर यह बाण शत्रु को लगा और वह कालधर्म को प्राप्त हुआ। इन चित्रों का क्या अर्थ है, अनुमान कीजिए। पूछने पर वायान् भद्र, जो कीर्त्या के अध्यक्ष हैं, ने बताया कि पुरुष हस्ति बाण और मृत्यु का अर्थ क्रमशः १, ८, ५ और ० है। पुरुष १ है, दिग्गज ८, बाण ५ और निर्वाण ० है। यह शक संकाल अर्थात् शकसंवत् की तिथि है। कीर्त्या में पूजा नाम्नी महिला लोन्तारों का अध्ययन कर रही थी। लोन्तार का अर्थ है ताडपत्र। लोन् शब्द पत्र-वाची और तार संस्कृत ताड का रूपान्तर है। पूजा महिला से मैंने प्रश्न किया तो उत्तर मिला कि हां मेरे प्रयास का उद्देश्य लोन्तार पढ़ना तथा उनके शुद्ध मूलरूप संस्कृत को जानना है। संस्कृत केवल भारत का ही प्राण नहीं किन्तु बाली का भी प्राण है।

बाली में लड़कियों के सामान्य नाम शिखरिणी, मालती, रतिः, शशी, लक्ष्मी आदि हैं।

भित्ति पर एक चित्र था। राक्षस विमान और उस पर सवार दशग्रीव रावण। वाहन अथवा विमान को यहां की भाषा में विल्मान कहते हैं। कीर्त्या में ही शूलावेशी (Celebes) द्वीप के सावेरी गादिङ् महाविद्यालय के मकस्सर-निवासी मगसिङ सज्जन से भेंट हुई। ये महाविद्यालय के अध्यक्ष हैं और भारत और बाली की संस्कृति के परिचय के लिए यत्नशील हैं। इनका नाम मगसिङ संस्कृत महासिंह का अपभ्रंश है।

कीर्त्या ग्डुङ् में हस्तलिपियां

कीर्त्या के वृद्ध पण्डित वायान् मेन्द्र (अर्थात महेन्द्र) ने अपने मधुर कम्पस्वर में जयद्रथ मृत्यु और कर्ण के विरुद्ध लड़ने के लिए घटोत्कच के प्रति कृष्णोपदेश के सात वृत्त सुनाए। पहला वृत्त स्रग्धरा, दूसरा शार्दूल, तीसरा अश्वललिता, चौथा गिरीशा, पांचवां शिखरिणी, छठा पृथ्वीतल और सातवां वसन्ततिलका। इन वृत्तों की भाषा संस्कृत-मिश्रित है। उदाहरणार्थ :

महामुख सङ द्विजेन्द्र कृप शल्य कर्ण्ण शल्य गुरुपुत्र कुरुकुल

कृष्ण शब्द का उच्चारण क्रस्न, ज्ञान का उच्चारण द्न्यान, एक ओर उत्तर प्रदेश और दूसरी ओर महाराष्ट्र का स्मरण दिलाता है।

कीर्त्या में सहस्रों प्राचीन ग्रन्थ हैं जो ताडपत्र पर लोहे के सूए से लिखे हुए हैं। कमीरी नाम के फल को जलाकर उसके कोयले में नारियल का तेल मिला कर सूए से खुदे हुए शब्दों में भर देते हैं। केवल शब्द ही नहीं चित्र भी इसी प्रकार बनाए जाते हैं। बाली भाषा में कमीरी का नाम टिंकि: है।

सिंहराज का समुद्रपत्तन बुलेलेङ् में है। यह राजा आनक् आगुङ् न्योमान् पंजी तिष्ण के राज्य के अन्तर्गत है। राज्यप्रदेश को स्वप्रजा कहते हैं। समुद्रतट पर अद्भुत अदृष्टपूर्व, नहीं नहीं, अनुमानातीत तीन वरुण मन्दिर हैं। उत्तर भारत में कब किसी ने वरुण के मन्दिर की कल्पना की। इन मन्दिरों को पुरसगार अथवा बटार ब्रूण कहते हैं। बाली में पुर का अर्थ मन्दिर, पुरी का अर्थ प्रासाद, बटार का अर्थ भट्टार अथवा भगवान् और ब्रूण का अर्थ वरुण है। हम वरुण मन्दिर के सामने जाकर खड़े ही हुए थे कि तीन चार नौकाएं आती हुई दिखाई पड़ीं और मेरे मित्र वायान् भद्र ने बताया कि स्त्री पुरुषों से भरी ये नौकाएं अन्युत क्रिया से लौट कर आ रही हैं। अन्युत की व्याख्या पुष्पप्रवहण, समुद्रे पुष्पाणां मृत-दग्ध-पुरुषास्थ्नां निवाप:। दाहक्रिया के पश्चात् बचे हुए छोटे हड्डी के टुकडों को बाली के लोग फूल कहते हैं।

पर्णकुटी विचोरोद्दीप्ति में सहायक

बुलेलेङ् के स्वप्रजा में आठ पुंगव हैं। इसी स्वप्रजा अथवा राज्यप्रदेश में हम लोग राजा पंजी तिष्ण के दर्शनार्थ कालीबुकबुक ग्राम में गए। समय सांय का था। सामने सीधा समुद्रतट, पीछे अर्धचन्द्राकार पर्वतश्रेणी, पर्वतों से नीचे नारियल वृक्ष श्रेणी। नारियल से नीचे सुपारी वृक्षों की श्रेणी। उनसे नीचे केलों की श्रेणी और फिर लहलहाते हुए चावल के खेत। निरभ्र आकाश में संध्या-राग से सुशोभित यह प्रकृति का चित्रपट और इसके मध्य में राजा पंजी तिष्ण की घास की झोंपड़ी। विशाल महल को छोड़ कर राजा तिष्ण इस पर्णकुटी में रहना विचारोद्दीप्ति का सहायक मानते हैं। ये वायान् भद्र के मामा हैं। इस बात का ज्ञान मुझे स्वयं राजा तिष्ण ने कराया, वायान् भद्र ने नहीं। कुछ समय वार्तालाप करने के पश्चात् श्री तिष्ण बोले "आपके आने से मुझको विश्वास हो गया है कि इतिहास की पुनरावृत्ति हो सकती है। प्रत्येक जाति का बच्चा अपने पुण्य देश को जानता है। मुसलमान मक्का को और ईसाई जेरूसेलम को। केवल हम भूल गए हैं जम्बुद्वीप कहां है। यह हमको आज आबालवृद्ध जतलाना है।"

श्री तिष्ण भारत में एक दो बार आ चुके हैं। अब फिर भारत में आने वाले हैं। और मेरे पास ही आकर कुछ दिन ठहरेंगे।

भारतयुद्ध के उपाख्यानों का अभिनय

रात्रि को एक और ग्राम में वाद्यों का दृश्य देखा। जावा, बाली आदि का संगीत अधिकांश पञ्चस्वरीय है। इनके यहां धातुमय घात-वाद्यों की प्रचुरता है। लगभग ३० व्यक्ति वाद्य बजाने वाले थे। २३ गङ्सा, एक बोम्पोङ्, एक बारंगन्, २ कंदाङ और २ गोङ्। दो व्यक्ति बांसुरी बजाने वाले और सबके संचालक ग्दे मणिक गुरु। गुरु शब्द बड़े आदर का है। जावा में प्रोफेसर

को महागुरु कहते हैं। संगीत का आरम्भ ललाम्बतन् से हुआ। यह संगीत मन्दगति है। एतत्पश्चात् कब्यार् आरम्भ हुआ। इसमें सभी वाद्य एक साथ गम्भीर, उच्च ध्वनि से बजाए जाते हैं। धीरे धीरे नृत्य और अभिनय आरम्भ हुए। पहला अभिनय राम का बिभीषण को उपदेश था। दूसरा अभिनय भारतयुद्ध नाम के ग्रन्थ से शल्य का युद्ध-गमन था। यद्यपि अभिनय बाली-निवासी कर रहे थे किन्तु गीत पुरानी जावी भाषा के थे। आज से पांच शताब्दी पूर्व जावा के ब्राह्मण, क्षत्रिय इस्लाम से अपनी रक्षा करने के लिए बाली की शरण में आए थे। पुराना जावी साहित्य तब से बाली में सुरक्षित है। तीसरा अभिनय राजा परिक्षित् के सम्बन्ध में था। यह दृश्य आदिपर्व से लिया गया था। एक और पौराणिक ग्रन्थ से पार्वती और दुर्गा के अभिनय दिखाए गए। पार्वती की विशेषता स्मयन है क्योंकि पार्वती दयामयी है। रुद्ररूपिणी दुर्गा की विशेषता अक्षिभ्रामण है। विद्याधरी अथवा अप्सराओं की पहचान उनके हाथ में पंखा जो उनके परों का द्योतक है।

नारियल कर्पर में नारियल का ही तेल डाल कर चारों ओर दीपक जले थे। स्त्री, बच्चे, कुछ नंगे, कुछ वस्त्र पहने—स्त्रियां नाभि से ऊपर प्रायः दिगम्बर तथा पुरुष, युवा और वृद्ध, संगीत की ध्वनि सुनकर मन्दिर के प्रांगण में भरते जा रहे थे। नारियल, कम्बोज और चम्पा के वृक्ष, दीपों के मद्धम प्रकाश में लंबायमान होते हुए निर्वात मण्डल में अद्भुत चित्ररूप खड़े थे। भारत से आये वेदगुरु का परिचय प्राप्त करके संगीत-गुरु ने साष्टांग प्रणाम किया और वाद्य अधिक उत्साह से बजने लगे। कहां पश्चिम-स्थित योरोप की यात्रा—जहां हम अर्धसभ्य nigger हैं—और कहां पूर्व देशों की यात्रा जहां भारत पण्डित देव और गुरु के सम चरण-पूज्य और शिरोधार्य है।

घर में आकर बाली के नए रेज़िडेंट विनार्णो दनु-आत्मज, जो मेरे साथ-साथ ही जावा से बाली आए थे, कहने लगे हम मुसलमान होते हुए भी सङ् ह्यङ् विधि अर्थात् भगवान् श्रीब्रह्म को पूजते हैं। यद्यपि आगम इस्लाम का देवता अल्ला है, विधि और ब्रह्म नहीं, तथापि विधि घरेलू शब्द है, सर्वव्यापक है, मधुर है, भावपूर्ण और हृदयंगम है।

एषा हि निद्रा नयनावलम्बिनी ललाटदेशादुपसर्पतीव माम्।

निद्रा देवी की शरण में बाली की दूसरी रात्रि के विश्राम का आरम्भ हुआ॥

'गृहो' में पूजा

१२ अगस्त १९५१ को प्रातः ९ बजे सिंहराज के प्रसिद्ध पदण्डा न्योमान् ककरन् के 'गृहो' में प्रातः पूजा के अनुभवार्थ हम लोगों ने प्रवेश किया। इस घर में दो प्रांगण थे। पहला बड़ा, दूसरा छोटा। पहला प्रांगण निवासार्थ, दूसरा पूजार्थ। द्वार पर 'कम्बोज' पुष्प का वृक्ष शोभायमान था। कम्बोज पुष्प लगभग सारा ही वर्ष लगे रहते हैं। ये पुष्प पूजा में प्रयुक्त होते हैं। धूपपात्र, दीप, गन्ध, चन्दन, शिवाम्बु, कुश आदि संभार बहुत कुछ भारत के समान ही हैं। शिवाम्बु अर्थात् भगवान् शिव का जल त्रिपदी पर रखा होता है। दैनिक पूजापद्धति में वेदपरिक्रम, सप्ततीर्थ आदि नामक ग्रन्थों का पाठ करते हैं। प्रत्येक क्रिया के लिए अलग मन्त्र का उच्चारण होता है। मैंने पूजा के कुछ चित्र लेने चाहे तो श्रीमान् पदण्डा घबराए।

उनको आश्वासन दिया गया कि ये चित्र केवल कौतुक के लिए नहीं अपितु अगाध श्रद्धा और भक्ति के कारण ले रहा हूं। मैं भी तो भारतीय पदण्डा हूं। मेरे लिए कुश बिछाइये। मैं आपके पुण्यसंचयार्थ गायत्री का पाठ करूंगा। पदण्डा ने कुश का आसन बिछाया, और वे और उनकी पत्नी ने परमादर से गायत्रीपाठ सुना। इनको विश्वास हुआ। अपने सब पात्र अन्दर से निकाल कर बाहर लाए। लकड़ी का मंच बाहर धूप में निकाला। सुवर्ण आभूषणों की पेटी बाहर आई और श्रीमान् पदण्डा ने एक एक करके स्वर्णमकुट, कर्णपुष्प, बाहुकंकण, अंगद आदि सभी आभूषण पहने। मन्द स्वर से आधा जप और आधा एकश्रुति मन्त्रोच्चारण तथा तद्विनियुक्त पूजाक्रिया का क्रम चलने लगा। हाथ में घंटा और फूल, सामने शिवाम्बु। मन्त्रपूत होने के पश्चात् स्त्री और पुरुष "तोय" ले जाते हैं। इसको 'गांग' अर्थात् गंगाजल भी कहते हैं। हमारे बैठे बैठे दो स्त्रियां पुष्प-फलादि लेकर आईं। इनके परिवार में बालक-मृत्यु हुई थी। इनको तीर्थ अर्थात् पवित्र जल की आवश्यकता थी। इसी के लिए पदण्डा के पास आज इनका आगमन हुआ। पदण्डा ने 'न्यरुति' स्वर से वेदपरिक्रम के तथा कुछ अन्य मन्त्र सुनाए। 'न्यरुति' श्रुति शब्द का अपभ्रंश है। यवद्वीप और बालीद्वीप की भाषाओं का विचित्र नियम है कि श अथवा स कई शब्दों में न्य में परिणत हो जाता है।

शिव-पदण्डा

प्राचीन नियमानुसार शिव-पदण्डा गृहकुक्कुट और ग्रामशूकर के मांस को अभक्ष्य मानते हैं। इनके लिए केवल हंस और वन्यशूकर का ही मांस भक्ष्य है।

शिवपदण्डा के अतिरिक्त बालीद्वीप में बुद्धपदण्डा भी विद्यमान हैं। ये केवल नाम में बौद्ध हैं, वास्तव में भैरव हैं। ये सर्वमांसभक्षी हैं। उपवास भी ये लोग प्रायः नहीं रखते। शरीर से हृष्टपुष्ट होते हैं।

शिवपदण्डा 'तीर्थगमन' के लिए भारत आने को उद्यत हैं। प्रश्न केवल द्रव्य का है। निर्धनी होते हुए भी पदण्डा के 'भूषण' ५, ६ सहस्र रुपये के हैं। शिर के आभूषण को ये 'मकुट' कहते हैं, मकुट नहीं। मकुट रूप प्राचीन है। इसी से हिन्दी का 'मौड़' बना है, मुकुट से नहीं। मुकुट से तो मूड़ रूप बनता।

कहीं कहीं बालीनिवासियों में ऐसी भावना देखने में आई कि स्वतन्त्रता के पश्चात् अपने देश में भी हमारा स्थान प्रमुख नहीं। प्रत्येक ऊंचे पद पर जावा के मुसलमान नियुक्त हैं। और यद्यपि बाली के युवकों ने स्वतन्त्रता-संग्राम में घोर बलिदान दिए तब भी उनको कोई पूछ नहीं रहा। इस प्रकार की भावना केवल बालीद्वीप में ही नहीं किन्तु कालिमन्थन (बोर्नियो) और शूलावेसी (Celebes) तथा सुमात्रा में भी विद्यमान है।

युवकसंस्थाओं में काली टोपी पहनी जाती है। किन्तु बाली के हिन्दू युवकों ने इसको पहनने से नकार कर दिया।

शिल्पशाला में

मोटर बसों के नाम 'सम्पाती' और 'जटायु' रामायण से लिए गए हैं। आज दोपहर के समय

श्री इ मादे कवि की शिल्पशाला में गए। इन्होंने चन्दन का बना हुआ पंखा प्रेमोपहार दिया। ये बालीभाषा के कवि हैं। शिखरिणी आदि वृत्तों में सुन्दर काव्य करते हैं। आज जो कविता आपने सुनाई उसमें आने वाले इडा, पिंगला, सुषुम्ना पदों का अर्थ रसवाह, अन्नवाह, प्राणवाह है, इसपर दार्शनिक विचार करते रहे।

यहां से कीर्त्या में गए। वहां आठ हस्तलिखित ताडपत्रों का उपहार मिला। पहला ग्रन्थ 'पावाचाकन' फलज्यौतिष पर। दूसरा औषध और वामाचार पर। तीसरा शरीरे भटारस्थानानि। चौथा वामाचारमन्त्राः। पांचवां शीतलारोग ग्रन्थ। छठा 'तुआन सुमेरु'। सातवां भूणस्य चत्वारो भ्रातरः अर्थात् श्वेतरुधिर, रक्तरुधिर, जरायु और तद्गत जल। आठवां हरिवंश। भारत की आत्मा और शरीर बाली में सजीव विद्यमान हैं।

मूर्तिकला में बालीनिवासी आशातीत निपुण हैं। बिना देखे इनके नैपुण्य का अनुमान करना असम्भव है। मूर्तियां पत्थर की तथा सावो नाम की भारी लाल लकड़ी की बनाई जाती हैं। हलधर, वृषभारुढ शिवपार्वती, गणेश और अन्य सौन्दर्य की पराकाष्ठारूप मूर्तियां श्री इ मादे कवि की दुकान में दृष्टिगोचर हुईं। यद्यपि इनका मूल्य एक एक सहस्र अथवा उससे भी अधिक था तथापि यह उनकी कला का मूल्य नहीं। केवल लड़की और परिश्रम का मूल्य है। कला तो अमूल्य है। जयपुर और मदुरा के मूर्तिकार बाली-कलाकारों के सामने दीन-हीन हैं। भारत की प्राचीन कला के उद्धार के लिए बालीद्वीपीय चित्रकारों को भारत में बुलाना चाहिए।

बाली में तीन भाषाएं हैं। 'कासा' अथवा उच्च-भाषा, मादे अथवा मध्य-भाषा, 'हालुस्' अथवा सामान्य भाषा। सामान्य दैनिक जीवन की क्रियाओं के लिए तीनों भाषाओं में अलग-अलग शब्द हैं। प्रत्येक व्यक्ति तीनों भाषाएं जानता है। अपने से ऊंचे के साथ मध्यभाषा में, तथा अपने से हीन के साथ सामान्य भाषा में वार्तालाप की जाती है। यह विशेषता जावा की भाषा में भी है। नए व्यक्ति को मिलने पर पहला प्रश्न होता है—आपका आसन अर्थात् वर्ण। दूसरा प्रश्न आपकी संख्या। संख्या का उत्तर ज्येष्ठ, मध्य, तृतीय अथवा चतुर्थ। ज्येष्ठ के लिए 'क्लीबा', मध्य के लिए 'मादे', तृतीय के लिए 'न्योमान्' और चतुर्थ के लिए 'क्तूत्'। 'इ' पुरुषों के और 'नि' स्त्रियों के नाम में प्रयुक्त होता है। 'इडा' और 'बागुस्' ब्राह्मणों के नाम में आता है।

पुजारी यदि ब्राह्मण हो तो 'पदण्डा', क्षत्रिय अथवा वैश्य हो तो ऋषि, और शूद्र हो तो 'पामांकु' कहलाता।

आज सायंकाल ३०) की गजदन्तमूर्ति ली। अर्जुन इन्द्रकील पर्वत पर तपस्या कर रहे हैं। दोनों ओर दो विद्याधरियां विघ्नार्थ आई हैं। सिंहराज में एक मित्र के घर गए। उन्होंने बताया कि घर बनाने के लिए उनको भूमि निर्मूल्य मिली है। भूमि की लम्बाई १३० फुट और चौड़ाई २५ फुट है। ये सज्जन सिंहराज के निवासी हैं। सभी ग्राम अथवा नगर निवासियों को भूमि निर्मूल्य मिलती है। हां यदि कोई ईसाई अथवा मुसलमान बन आए तो उसे भूमि छोड़नी पड़ती है। प्रत्येक ग्राम अथवा नगर निवासी को प्रतिवर्ष चैत्रामावस्या जो शक वर्ष का अन्तिम दिन है, तथा प्रतिपदा वैशाख जो नववर्ष का आरम्भ है, को मन्दिरों के संधारण के लिए लगभग ३, ४ रुपये

देने पड़ते हैं।

शिष्य ('तीर्थ' अथवा पुण्योदक लेने वाले) अपने 'सूर्य' (गुरु अथवा पदण्डा) के लिए 'गृह' निर्माणार्थ सामग्री लाते हैं। इतना ही नहीं निर्माण में भी सहायता करते हैं।

प्राचीन अवशेषों का संरक्षण

निश्चय हुआ कि विश्वविद्यालय अगले वर्ष दो विद्यार्थी हमारे यहां भेजे । दुबारा आज यहां के अद्भुतागार का संग्रह देखा । बड़ा सुन्दर है । इनके पास कीर्त्या[11] के ग्रन्थों की रोमन लिपि में अनुकृतियां हैं ।

बाटक ग्रन्थ वृक्षों की त्वचा पर, बांस की चोटियों पर तथा मोटे खोखले लम्बे बांसों की पृष्ठ पर लिखे हैं । इनमें अधिकांश मन्त्र हैं। हृदय गद्गद हो उठा। आज ये ही बाटक पक्के मुसलमान हैं । मैं दो सौ मील तक इनके देश को देखकर आया हूं ।

कल प्रातः बालीद्वीप जा रहा हूं । बाली होटल देन्पासार में दो दिन, तत्पश्चात् उबुद में पुंगव (District Magistrate) के पास दो दिन । यहां पूर्वकाल (Archaeological Department) की शाखा है । उसके पश्चात् अन्य स्थान ।

डॉक्टर खोरिस (Dr. Goris) जो बालीद्वीप धर्म के विशेषज्ञ हैं यहां मिले थे । यात्रियों की बालीद्वीप के लिए भीड़ लगी रहती है । कठिनाई से विमान में जाने के लिए स्थान मिलता है । पदे-पदे भारतीय दूतावास की सहायता की आवश्यकता है ।

१८ को जयकर्ता विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान होगा । २० तिथि को भारतीय दूतावास में मेरे आदरार्थ बृहद् भोज होगा ।

सिंहराज (बालीद्वीप) ९.८.५१

प्रिय पुत्र लोकेश—कल प्रातः ६ बजे केमायोरान् (जयकर्ता का विमानपत्तन) से चलकर १० बजे दोपहर सुरावाया होते हुए देन्पासार पहुंचे । विश्वविश्रुत बाली होटल में ठहरे । भोजन के पश्चात् श्री नरेन्द्रनाथ शास्त्री के घर गए । ये लाहौर के शास्त्री हैं। आयु ४५ वर्ष है । १९३४ में एक-दो बार अपने यहां आए थे । सम्भव है अपने यहां काम भी किया हो ।

एक वर्ष से द्वीपान्तर[12] में हैं । बालीद्वीप में हिन्दू धर्म का प्रचार कर रहे हैं । दशशील नाम की पुस्तक लिखी है । इसकी १०,००० प्रतियां बिक चुकी हैं ।

८४ भाचित्र यहां मोल लिए हैं । पोस्टकार्ड के परिणाम के । कल रात्रि को यहां के राज्यपाल से भेंट हुई । इनका प्रातःस्मरणीय नाम सुशान्तो है । इन्होंने अपने अधीन रेज़ीडेण्ट श्री ओका को

---

[11] यह बालीद्वीप की सिंहराज नामक राजधानी में प्राचीन इंडोनीसियाई हस्तलिखित ग्रन्थों का सबसे बड़ा पुस्तकालय है । इनमें से अधिकांश ग्रन्थ भारतानुप्राणित हैं ।

[12] इंडोनीसिया का प्राचीन नाम ।

आदेश दिया। स्वयं राज्यपाल लम्बक द्वीप गए हैं। समयाभाव से साथ जाने से नकार किया। श्री ओका के साथ आज प्रातः उनकी गाड़ी में सिंहराज आए हैं। साथ में पत्र द्वारा पूर्वपरिचित इ वायान् भद्र[13] भी थे। इनकी आयु ४५ के लगभग है। वास्तव में ये अन्वर्थनामा हैं। मार्ग में चिन्तामणि पर्वत पर ठहरे। बाली का परम स्मरणीय स्थान है। ऊंचाई ५००० पाद। बाली प्राचीन भारत का जीवित जागृत खण्ड है।

---

[13] आप सिंहराज नगर में स्थित कीर्त्या ग्दुङ् नामक संस्था के अध्यक्ष हैं।

SANSKRIT ELEMENT IN MALAY

Sanskrit is the Indian language par excellence. It embodies the soul and body of entire India from the beginning of time up to those days when India was free, free like the bird in the air, free to develop and expand, unhindered, unchecked, unsurpassed, making gifts to all who came to her shores. Every side of Indian civilisation is presented in its entirety. Nothing else can replace Sanskrit. Till the end of the 18th century, Sanskrit held an uncontroverted supremacy as the language of learning from one end to the other of India. A few centuries earlier it was known and studied beyond the oceans. In my article on "Thailand" *Sarasvati Vihara* no. 3, dated the 1st Oct., 1953, pp. 44-66, I had given glimpses of the sway of Sanskrit in Siam. Today I shall take up another neighbouring country, Malay. This country is dominated by Islam and hence it becomes all the more significant that Sanskrit should still form the substratum in the simple life of the people in that country.

Suchi (शुचि) is pure and clean. Maha-suchi (महाशुचि) is the name of the All-pure, God. Suami, Suara, Suarga are respectively स्वामी, स्वर, स्वर्ग meaning husband, voice, and heaven. The last word is also written as Sorga and Shurga. Singa (सिंह) is an ancient title as well as a lion. Singgasana (सिंहासन) is the royal throne. Sĕtia (सत्य), Sĕtiawan (सत्यवान्) are faith, fidelity, loyal and constant. Sĕtua (सत्त्व) means an animal while Marga-sĕtua (मृगसत्त्व) stands for animals generally. Sĕru or Sarwa (सर्व) means all. It is used in combination with other words meaning 'all' such as Sĕru-sakalian (सर्व-साकल्य) or Sĕru-sĕmĕsta-sakalian (सर्व-समस्त-साकल्य).

Sĕroja (सरोज) is lotus, Sĕrigala (शृगाल) is a jackal.

Sĕri (श्री), meaning charm and beauty, is a word of manifold usage. Sĕri-nĕgĕri (श्रीनगरी) is the pride of the city. Sĕrimuka (श्रीमुख) is the light of the countenance. Sĕrikaya (श्रीकाय) is the custard-apple or the sugar-apple.

Sĕrapah (शाप) means a curse, an imprecation. Sĕntosa (संतोष) is rest, peace, tranquillity. Sĕnja (संध्या) is evenfall. So also Sĕnjakala (संध्याकाल). Sĕndawa (सैन्धव) has been slightly altered to mean saltpetre. Sena (सेना) means an infantry as well as an army. Sĕloka (श्लोक) is specially used for ironical or satirical poetry. It also means rhyme or verses. Seksa (शिक्षा) has the ancient meaning punishment. It also means tribulation and suffering. Saudara (सोदर) is used for brothers, sisters and even for an intimate friend whom one calls a brother or sister. Rupa (रूप) is appearance, form, looks. Rupawan (रूपवान्) is

handsome and beautiful. Rona or better Warna (वर्ण) means colour. Pancha-rona (पञ्चवर्ण) is of many colours, gay and bright. Roma (रोम) is the down on the human skin. Rĕsi (ऋषि) is a sage. The Malayan people have not lost their respect for sages and they still use the word in the remotest villages and jungles. Rata (रथ) is not only chariot but the winged chariot of the gods. Rasa (रस) is taste, flavour, perception, sensation, feeling. It is also mercury, a meaning which is so common in Āyurveda and has been preserved faithfully by the Malay people.

They have preserved the names of the heroes of Rāmāyaṇa and Mahābhārata, such as Sĕri Rama (श्रीराम), Ranjuna (अर्जुन). They have preserved the names of Apsaras and several divine beings like Viṣṇu and Śiva, Hanumān, etc. They have preserved Sanskrit titles such as Mĕntĕri, Raja, Maharaja. Rahu is well known as the dragon which attempts now and then to swallow the moon and thus causes the eclipse. Some of our words have been elevated to a higher sphere. Putĕra (पुत्र) means a prince, Putĕri (पुत्री) means a princess, a fairy. Religious words are also found by the dozen. Puja is prayer and adoration. Puji-pujian refers to the complimentary phrases at the beginning of a letter. Puasa (उपवास) is fasting. Pĕrtewi (पृथिवी) is also known as Dewi Pĕrtewi (देवी पृथिवी). Pĕrnama (पूर्णिमा) is the full moon taken as the measure of time and hence a month. Pĕreksa (परीक्षा) is investigation, inquiry, examination. Pĕrdana (प्रधान) means surpassing, supreme. Pĕrdana Mantĕri is the Prime Minister. Pĕndita (पण्डित) is a sage, a learned man. Pĕkĕrti (प्रकृति) is nature or character and Budi Pĕkĕrti (बुद्धिप्रकृति) is especially said of a person of good disposition. Pati (पति) is a high officer of state. It is a term used as a component of many old names of dignitaries, for example, Adipati (अधिपति).

Pada (पाद), Sĕri pada (श्रीपाद) are holy feet of a prince. These words are used as royal titles. So also the word Paduka (पादुका).

From words like these, it will be noticed, how deep the Indian tradition has penetrated into the people of Malay. Hundreds of words can be quoted from the Malay language but for today the above should be sufficient to illustrate the theme in hand.

It is a pity that within the borders of India herself there should be people who should not avail themselves of the vast richness of the Sanskrit language and literature. The Sanskrit language will go the longest way in making the future of India rich in thought and culture. Sanskrit will make contribution towards intellectual advancement which can hardly be suspected by persons who have not dived deep into the varied fields of their ancient heritage. The

possibilities of growth are numerous. Sanskrit is not only good enough in leading us into the past and guaging its depths but it is indispensable to probe the future, to illuminate the future and to illuminate the paths and ways into the future. Our obeisance and homage to the Divine Tongue (देव-वाणी).

THE BURMESE CALENDAR

The Burmese calendar is essentially Indian.

Burmese astronomers use the kali-yuga which commenced in 3102 B.C.

Gautama Buddha's grandfather, King Einzana, is said to have started a new era in 691 B.C.

The religious era of the Burmese starts from the date of Buddha's Nirvāṇa in 543 B.C.

The Indian Śaka era is equated with another, said to have been started by King Thamondarit of Prome in 78-9 A.D.

The common era of Burma was started A.D. 638-9 by King Poppasaw of Pagan. In Arakan this era is said to have been established by King Thareyarenu of Dinyawadi dynasty. In Chittagong it is current under the name of Magi San.

The book used in Burma as the authority for matters astronomical is Thandeikta. It is based on our Sūrya-siddhānta, but applies its rules only to a limited extent. Sūrya-siddhānta itself was not known in Burma till 1148 B. E. (A.D. 1786). In that year, Bhavani Din, a learned pandit of Banaras, brought it to Amarapura, i.e. Mandalay, in North Burma. Some fifty years later, it was translated into Burmese.

Thandeikta does not adopt the system of apparent reckoning. Mean years and mean months are still used, but the Burmese translation of the Sūrya-siddhānta was made use of in effecting small alterations in the length of the year and the month; the Metonic cycle was abandoned, and intercalary months were so fixed as to prevent further divergence between the solar and luni-solar years.

The Burmese use many Indian astronomical terms, e.g.: didi तिथि, the thirtieth part of a mean lunation. Adimath अधिमास an intercalated month.

The Burmese Zodiac is divided into 12 *rathi* राशि, and each *rathi* into 30 *intha* अंश.

The names of the signs are:

	BURMESE	SANSKRIT		BURMESE	SANSKRIT
1	Meiktha	मेष	2	Pyeiktha	वृषभ
3	Medon	मिथुन	4	Karakat	कर्कट
5	Thein	सिंह	6	Kan	कन्या
7	Tu	तुला	8	Pyeiksa	वृश्चिक
9	Danu	धनुस्	10	Makara	मकर
11	Kon	कुम्भ	12	Mein	मीन

Besides the 12 signs of the Zodiac, the ecliptic is also divided into 27 *nekkats* (नक्षत्र) representing the 27 days of siderial month. Thandeikta gives the following list of *nekkats* (नक्षत्र)—

	BURMESE	SANSKRIT		BURMESE	SANSKRIT
1	Athawani	अश्विनी	2	Barani	भरणी
3	Krattiga	कृत्तिका	4	Rawhani	रोहिणी
5	Migathi	मृगशिरस्	6	Adara	आर्द्रा
7	Ponnapokshu	पुनर्वसु	8	Poksha	पुष्य
9	Athaleiktha	आश्लेषा	10	Maga	मघा
11	Prokpa Palgonni	पूर्वा फल्गुनी	12	Oktra Palgonni	उत्तरा फल्गुनी
13	Hathada	हस्ता	14	Seiktra	चित्रा
15	Thwati	स्वाति	16	Withaka	विशाखा
17	Anurada	अनराधा	18	Zeta	ज्येष्ठा
19	Mulathan	मूला	20	Prokpa Than	पूर्वा आषाढा
21	Oktra Than	उत्तरा आषाढा	22	Tharawan	श्रवणा
23	Danatheikda	धनिष्ठा	24	Thattabeiksha	शतभिषा
25	Prokpa Parabaik	पूर्वा भाद्रपदा	26	Oktra Parabaik	उत्तरा भाद्रपदा
27	Rewati	रेवती			

Among the days of the week are to be noted:

Inga Ne	अङ्गारक	Tuesday
Buddahu Ne	बुध	Wednesday
Kyathabade Ne	वाचस्पति	Thursday
Thaukkya Ne	शुक्र	Friday
Sane Ne	शनि	Saturday.

The Burmese phonetics has transformed some words into unrecognisable forms. Change of श or स to थ is evident in the name of the Rangoon district itself— Hanthawadi for हंसावती.

THE LITERATURE OF LAVA (LAOS)

In her long history India has had many friends, disciples and admirers. They form a continuous chain across our land and sea frontiers.

India is reputed to be deficient in historical sense. This reputation may or may not be true in other respects, but it is clear that we have no records in India of our foreign relations during the last 2000 years. We have no references to the existence of any such records at any period of our history or in regard to any country of the world.

Our educational system has innumerable deficiencies. Our educators know something about the lack of facility for industrial training but they have no concept of how deficient our entire system is in regard to our foreign relations during the centuries of our existence. Neither have our research men paid sufficient attention.

We, at the International Academy of Indian Culture, are for the first time trying to look into the languages, literatures and records of many countries of Asia. This peep gives a glorious view and promises rich results for investigators.

Today, we shall confine ourselves with a small nation in the heart of the Indo-Chinese peninsula, namely Laos. It would be interesting for our people to know that the people of Laos, spell their country's name as Lava.[1] This name forcibly reminds one of Lavapurī (Lobpuri) and Ayodhyā in neighbouring Thailand. There is no reason why the External Affairs Ministry of India, the newspapers and literary men, should not use the correct name in the correct spelling *Lava*.

The written documents of the Lava people are on palm-leaves, just as in India. They have the same format as in India.

Lava language is connected with the languages of Thai, Burma and the Ahoms of Assam.

The beginning of Lava script is in 1283 A.D. when king Rama Kamhêng of Sukhodaya created the writing. This script marks the common origin of Thai and Lava alphabets. The earliest Lava literature is replete with words of Sanskrit and Pali origin. No dictionary has so far been prepared which completely registers the ancient Lava language.

Sanskrit and Pali grammar, lexicography and prosody have influenced Lava language and literature. The Classical period of Lava literature was in

its full splendour from 1547 to 1571 under the rule of Jayajyeṣṭha (or in local pronunciation Phra Jayajettha).

Another name which is to be mentioned in connection with the Classical period of Lava history and literature is King Sūrya-vaṁśa who ruled from 1637 upto 1694.[2]

LITHIC RECORDS

They appear from the 13th century onwards. The most important script is known as the Tham (=Dharma). It is a script used in inscriptions, poetry and romance, administrative records and correspondence.

The eras are as follows:

(a) The small Śaka era which began in 638 A.D.

(b) The great Śaka era which began in 78 A.D.

(c) The Buddha Śaka era which began in 544 B.C.[3]

1283 is the year of the introduction of Pali scriptures from Ceylon into the Kingdom of Sukhodaya. From this moment Sanskrit was replaced by Pali.

Among the inscriptions I may mention the inscription of Dan Sai. It is dated 1482 Śaka, Pūrṇimā of the month of Āṣāḍha, 2103 years after the Nirvāṇa of Buddha. It mentions two kings—His Majesty Dharmaka Rāja who ruled in Chandanapurī Śrī Śatanāganahuta mahānagara ratna, and His Majesty Parama-Mahācakravartīśvara vararājādhirāja who ruled in Śrī Ayodhyā mahā-tilaka-bhava-nagara-ratna.

The two kings invited virtuous monks from Candanapurī and Ayodhyā. The great mandarin from the city of Candanapurī was Samṛddhi Maitrī and from the city of Ayodhyā, Vimala Satyabhakta. The two kings promised to unite their families, the Sūrya-vaṁśa and the Abhaya-vaṁśa upto the end of the kalpa.[4]

POETRY

[5]With the introduction of Indian civilization the people of Lava found a rich treasure. The Classical Lava verses follow the metrics of Indian prosody. The metre is regulated by the number of syllables and their quantity. There is a caesura and division into four quarters or two hemistichs. In fact, the true Classical Lava poetry is formed of translations of Indian poems. Even Lava folklore is peopled by the Indian pantheon.[6] The Lava people sing of the beauty and charm of nature and of love and its attractions. They sing when they go to the forest to cut wood, to pluck flowers, to gather roots, bamboo

shoots and vegetables:

"In passing through the forest I came across swarms of birds which sing and dance, seated two by two they flirt and play."[7] Girls and boys, singly and in groups, follow each other exchanging verses and songs. There is a contrast among young girls as against married women with children in their arms. These songs are often accompanied by a musical instrument known as k'en. Often there is an opera between two persons, one man and another woman.[8]

The Molam is an important genre of literature. It evokes the marvels of paradise, the powers of Indra, the cruelty of Yama, the atrocities of hell, and on the other hand the beauties of full moon, the enchantment of woods and seasons.

STORIES

[9]Popular stories and romances are generally very long, comprising 400 to about 800 palm-leaves. Their length does not allow them a harmonic and perfect structure. Love is their principal theme. Personages are painted with diverse colours. The hero is generally a brave prince, a charming boy, favoured by virtues, often a bodhisattva, noble and brave, who fights evil and triumphs. The powerful Indra intervenes in the course of combats in order to help the hero. There is coquetry of the divine kinnarīs, the beautiful dancers of heaven. There is the violence and voracity of yakṣas, the great monsters of the universe who possess the magic power of travelling through air, of assuming any form at will, and of fighting with enchanted armies. The yakṣas are the redoubtable enemies of the hero. Then one comes across the kind-hearted ṛṣis or magician hermits, who communicate to the hero the occult science of flying through space and of fighting victoriously with armies of marvellous valour. The heroine, who is a loving beauty of great fidelity, proves her affection.[10]

Among the prose romances we might mention *Champa si ton* and *Buddhasena*. The first of these is the story of four princes named Campā. They are the sons of the King of Pañcāla and his queen Padmā. They are murdered by queen Aṅgī and from their ashes spring four Campā trees. They are resuscitated by hermit Agni-cakṣu who gives them four names following the colours of Campā flowers—Sita Kumāra (the White Prince), Pīta Kumāra (the Yellow Prince), Suvarṇa Kumāra (the Golden Prince) and Vajra Nanda Kumāra (the Diamond Prince). The last one had cut one of his fingers and the hermit had replaced it by a diamond one. The hermit had given him instructions in magic and in the art of flying through space. He had armed him with charmed weapons.

The princes undertook numerous adventures, terminating in the conquest of the three empires of the yakṣas, after which they went to Pañcāla. Padmā was reinstated as queen and Aṅgī was reduced to the post of a guard.

Buddhasena is the history of a prince of that name, belonging to the city of Indraprastha Nagara situated in Kambuja country. Buddhasena was married to the daughter of a yakṣiṇī. After their death the prince and his wife were transformed into two hills which now face Luang Prabang.[11]

We possess an important collection of Lava stories. The majority of them are derived from Pañcatantra. In fact Pañcatantra stories are widely diffused throughout the Indo-Chinese peninsula.

The stories may be divided into three categories: (1) Pañcatantra stories, (2) judicial stories, (3) comic stories.

The Lava Pañcatantra consists of five works, termed Pakon (=Prakaraṇa). Their names are as follows: (1) Nanda Prakaraṇa (Nanda is the name of a bull) (2) Maṇḍūka Prakaraṇa (3) Piśāca Prakaraṇa (4) Śakuna Prakaraṇa (5) Saṅgha Prakaraṇa (which is in the form of a gloss to the text of Vinaya).

The narrator of the stories is a queen called Tantai Mahādevī, a name which corresponds to Nang Tantrai of the Thai version, and Dyah Tantri of the Javanese version of Pañcatantra. Tantai, Tantrai are alterations of the Sanskrit *tantravāya* 'the weaver of tales'.

There also exists another collection of stories entitled *Mulla Tantai* resembling the Kambuja work *Koen Kantray* which is a sacred book of laws. These are judicial stories. *Kantraya* is probably the Sanskrit *karttri* 'spinner'.[12]

LAVA WORDS OF INDIAN ORIGIN

Hereunder we give a few:

Pissanukam, the celestial architect Viśvakarman, Nang Th'orani=Devī Dharaṇī 'the Earth', Nang Mekhala=Devī Mekhalā, Maṇi-Mekhalā, the goddess of the ocean. P'raya Nak=Nāgarāja. These are serpents who live in rivers and can take human form.

P'rom=Brahmā, rusi=Ṛṣhi, Si Ayudhya=Thailand, Hansa=Pegu, Setthi=śreṣṭhī 'a merchant prince', Kumara=Kumāra 'Prince', sut=sūtra.

BUDDHIST LITERATURE

The Lava people have a very rich literature, canonical and extracanonical.

Canonical literature is represented by the Tripiṭaka. Besides the texts, there are glosses (*nissaya*), commentaries, sub-commentaries (*aṭhakathās*, *ṭīkās*).

Many of these have been introduced into Lava country from Burma.

The Jātaka stories constitute the central kernel of all Buddhist literature of Lava. These stories have been translated into Lava language.

EXTRA-CANONICAL LITERATURE

In this literature gods occupy a special position. Among them, Indra is supreme. In a way, he is a kind of Providence. He is the protector of pious people. He favours the good and punishes the wicked. There are numerous books which are consecrated to this King of Gods, such as a History of Indra, Questions of Indra, etc.

Then there are stories concerned with Bodhisattva Maitreya.

Among the histories of saints, one might mention Ānanda, Upagupta, Maudgalyāyana and many others. The story of Jambupati is of particular interest on account of the quality of its composition. It deals with Jambupati, the king of Uttarapañcāla, the most powerful severeign of Jambudvīpa, having one hundred and eleven vassal kings under him. The work is also of great importance for the study of iconography of Buddhist statuary.

Then there are histories of the relics of Buddha, of his teeth, of his hair, of small pieces of his bones, of his foot-prints, and of other objects and utensils, of the Bodhi tree in Ceylon, of stūpas in different parts of Burma, Siam and Lava. And lastly, on the miraculous re-union of all the relics of Buddha at the foot of the sacred Bodhi tree.

Saddavimala is a manual of yogācāra. It embraces morals, anatomy, physiology, embryology, and grammar. The inclusion of grammar is justified as being the means for attaining a transcendental knowledge of the contents of sound among human beings and in the universe.

GRAMMAR, PROSODY AND LEXICOGRAPHY

Grammar, prosody and lexicons may be considered as supplements of canonical literature.

Kaccāyana is the major text in grammar. It is known under the title of Sut Sadda. It has eight chapters: (a) sandhi, (b) nāma (c) kāraka (d) samāsa (e) taddhita (f) ākhyāta (g) kṛt (h) uṇādi.

These texts have been introduced into the Lava country in the 13th and 14th centuries from the Pegu region of Burma. Most of them were composed by Burmese and Ceylonese authors.

Subodhālaṅkāra is a book on rhetorics composed by Saṅgharakṣita of Ceylon in the 12th century.

Vuttodaya was also composed by Saṅgharakṣita. It has numerous commentaries.

Among lexicons one might mention a Pali-Lava lexicon whose first part alone is available. Its title is *Akkharasap*, the Pali original being *Abhidhānapradīpikā*.

SASTRAS

Raṭṭhasattha (Rāṣṭraśāstra) or *Kotmay lao* is the principal source of ancient customs such as marriage, divorce, succession, slavery, etc.

Horāśāstra deals with horoscopes, astrology and divination. It gives indications concerning favourable and unfavourable moments for accomplishing such acts as journeys, construction of houses, marriages, etc.

There are many books concerning nīti-śāstra or the art of government. The name of the most famous book is *Rājasavani*. It is a gloss on stanzas collected from Sanskrit sources. It has three chapters: (a) rājā, (b) rāja-kārya, (c) rāja-kṛtya. It deals with five rājadharmas, four upāyas, seven rājaguṇas, town-planning, art of war, and numerous other items such as painting, cooking, medicine, slavery and fortifications.

There are special treatises dealing with diverse matters such as Lakṣaṇaśāstra, Cintāmaṇi, Śrīratnajyoti, Paropakāraśāstra, Naralakṣaṇa, etc.

Nītiśāstra also contains subhāṣitas. There are many separate works consisting of subhāṣitas: (a) P'in sam say, (b) K'am son, (c) Pu son lan, (d) Lan son pu.

At the end we might draw the attention of our readers to the very significant fact that the vast Lava literature of the past five centuries has not yet found its devotees who would publish, translate and evaluate each and every item that forms this literature. There are only a few notices by French scholars and archaeologists. The bulk of the literature still remains unknown.

SUPPLEMENT

There are two articles with the same title : The Literature of Laos. The additional material from the second version is reproduced in the following pages. Its placement in the body of the main text is indicated by superior figures.

[1] It is interesting to note that the name as originally written in the script of the people is Lava and not Laos. Lava country is *Muong Lava*. We should start the use of the correct name, Lava.

[2] During this period came the Dutch traveller van Wusthoff in 1641. At this epoch, Lava was a mighty centre of intellectual and religious activities. It has been remarked by every one who studies Lava culture that the diversity, richness and the characteristics of Lava culture and literature are essentially Indian. They follow the same ideals and often the same technique.

[3] The names used in the Lava language are as follows : (a) Culla-śaka-rāj (pronounced as rat, culla=small) (b) Mahā-śaka-rāj (c) Buddha-śaka-rāj.

Lava and Thai epigraphic records are not so rich as of the Khmer people of Kambuja. It would be more correct to use the term Kambuja in all Indian despatches instead of Cambodia.

[4] Another inscription from Vata Vixun in Luang Prabang is inscribed in Tham characters of the Burmese type and is dated 1835. It records the creation of a Buddhist library with 2823 manuscripts. It records the constitution of a Committee presided over by Rājavaṅśa for elaborating the sacred books of the Tripiṭaka into Tham characters.

[5] Poetry precedes prose and epics precede lyrics. Before the introduction of Hinduism and Buddhism the people were under the regime of animism, cult of spirits, forces of nature and worship of ancestors.

[6] Religious songs of bhikṣus developed upto the 19th century. They inspired large number of stories which became popular in verse and prose. Besides, there were other poems of Indian inspiration: didactic, satirical and fables. What we have said about poetry applies to songs as well.

[7] They sing when they go to the field. They sing when they come back. They sing at every occasion.

[8] Their dances, gestures and movements recall Indian origins. The subjects are taken from Hindu and Buddhist stories, jātakas, historical and legendary episodes as well as Indian fables. They supply interminable topics of gallantry and tenderness.

[9] Stories are used for diversion and for popularization of higher values of life. They are based on Buddhist scriptures and are inscribed in Tham

characters. The manuscripts containing stories generally belong to the 19th century. One of the popular stories is the *Four Champakas*. It is a Lava version of the Campa-rāja-jātaka. There is another version in verse.

[10] The above may be taken to be the general outline of love romances. The Lava literature is in this respect on the same footing as the literature of Kambuja, Thailand and Burma, all inspired and peopled by Hindu and Buddhist thought and content which are altered, modified and enriched by the imagination, temperament and genius of the society for whose entertainment and edification they have been composed.

[11] We might mention here one very important romance in verse named Kalaket. Kalaket is the story of a King of Vārāṇasī named Surivong who possessed a marvellous horse named Manikap which could speak the language of men and traverse freely through air. The king's ally was Garuḍa who had given him a prodigious bow. His second ally was the King of Yakṣas. He had been reigning for several years and still he had no child. Astrologers predicted that he would have a pious and powerful son. Upon the request of the queen the King of Gods, namely Indra, sent Devaputra and his four wives on to the earth. In the course of their descent to earth, they were separated by wind. The Devaputra was born to the queen as Kalaket.

THEATRE

The classical Lava theatre has an Indian origin and has been imported from Khmer in the 14th century. It was mainly developed in the 16th and 17th centuries. Its beginning was marked by the creation of a ballet. It was organised at the Royal Court and a grand orchestra was created to accompany it. It consisted of xylophones, gongs arranged in a circle, trumpets and tambourines, big and small violins, mandolins and wind instruments. They accompanied the mimic dancers and the pantomime ballet. The costumes were rich and varied. There were masks and diadems. Gestures and movements remind one of Indian choreography. The scenes represented in general the episodes of the Rāmāyaṇa.

A little later there was a chanter to accompany the dancers. Afterwards the actors themselves began to talk and sing while they gesticulated and danced, and ultimately we come into the presence of veritable scenes of opera.

Lava theatre is intimately connected with her literature, poetry, romance and history.

[12] Cantrai, Cantai, Canti are also used to denote the narrator of stories. Mulla Tantai is Sanskrit Mūla-tantra.

JUDICIAL STORIES. These are used as commentaries on different articles of the Code of Law.

COMIC STORIES. In general they have an ancient tinge about them. One of the best known works of this genre is *Ay Cet Hei*. It is in verse. It is based on elements which are grotesque and miraculous. Another work which may be mentioned is *Hua Lan Bua Het* "the horse poisoned by mushrooms".

LEGENDS AND HISTORIES

The principal historical and legendary works are the following:

(1) *Nit'an* (निदान) *Khun Bôrôm*. Khun Bôrôn is the son of Indra who was sent from heaven to found the kingdom of Lan Xang. The events come to end in 1572.

(2) *P'ôngsavadan* (वंशावदान) *Muong Lao*.

(3) *P'ôngsavadan Kasat Vieng-Can* is a chronicle of the kings of Vientiane. It comes to end in 1901.

(4) *P'un P'ra Bang* is a history of P'ra Bang.

(5) *P'un P'ra Kêo* is a history of the emerald statue of P'ra Kêo.

(6) *Nit'an P'raya Cüong Lun* is a chronicle of the western principality of Lava during the last three quarters of the 12th century.

(7) *Uranganidana* is a heterogeneous text comprising predictions of Buddha, of his different births and miracles, and of kings of Lava in the 16th century.

[13] There is another collection of fifty Jātaka stories named *Ha sip Xat* or *Pannāsa Jātaka*. In Burmese, it is known as *Zimme Pannāsa*.

लावदेश में रामायण की कथा

भारतीय इतिहास में रामायण का प्रमुख स्थान है। इसका प्रचार भारत से बाहर भी हुआ है। आज से २० वर्ष पूर्व हमने चीनी साहित्य में से रामायण की दो कथाएं अनुवाद की थीं। आज हम लाव (अंग्रेजी में लाओस) तथा थाइ लू की दो कथाओं का वर्णन करेंगे।

चम्पा में छठी शताब्दी में, जावा में नवीं शताब्दी में, कम्बुज राष्ट्र (अंग्रेजी में कम्बोडिया) में ११वीं शताब्दी में, थाईदेश में १३वीं शताब्दी में रामायण की कथा साहित्य अथवा शिलामूर्तियों में निरूपित है। इन देशों में रामायण का प्रचार आबालवृद्ध हुआ है।

जिन कथाओं का हम आज वर्णन दे रहे हैं उन दोनों का आविष्कार लावदेश में हुआ। एक का नाम फा लक फा लाम अर्थात् श्री लक्ष्मण श्री राम, तथा दूसरी का नाम है फोम्म-चक अर्थात् ब्रह्म-जगत् जो रावण का दूसरा नाम है।

फा लक फा लाम का लावदेश में ही निर्माण हुआ ऐसा प्रतीत होता है। किसी विदेशी ग्रन्थ से अनुवाद नहीं हुआ। लावदेश की जनता में इसका अत्यधिक प्रसार है।

फोम्म-चक धार्मिक ग्रन्थ है। ये दोनों कथाएं वाल्मीकि से बहुत दूर हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि रामायण की कथा प्रत्येक जाति और देश ने अपनी-अपनी कल्पना और भावना के अनुकूल बनाई है। केवल जावा में भारतीय ग्रन्थ भट्टिकाव्य का पूर्ण रूप से अनुसरण किया गया है। भोट (तिब्बत), मध्य एशिया, चीन, मलाया, आदि में कथा भिन्न-भिन्न रूप में मिलती है। स्वयं भारत में बौद्ध और जैन साहित्य में भी वाल्मीकि का अनुसरण नहीं किया गया। श्री तुलसीदास जी का आधार वाल्मीकि नहीं। वास्तव में रामायण एक कथा का नाम नहीं किन्तु अनेक कथाओं का नाम है। ये कथाएं भारत और भारत से बाहर दूर-दूर फैली हुई हैं। इनका और इनके परस्पर संबन्धों का आजतक कोई अध्ययन नहीं हुआ। न ही लोक-कथाओं का हुआ है। फा लक फा लाम लावदेश की राजधानी लुआङ् प्रबाङ् के मन्दिरों में भित्तिचित्रों के रूप में शोभायमान है। राजमहल में प्रतिवर्ष इसका अभिनय होता है।

इसमें नायक राम नहीं रावण है जो अनेक शिरों वाला राक्षस नहीं किन्तु अभिरूपवान् कुमार है। इन्द्र उसके देव हैं। इस कथा में सीता रावण की पुत्री है। तीसरा भेद यह है कि हनुमान् राम के पुत्र हैं।

फा लक फा लाम की कथा का क्षेत्र भारत की सरयू और अयोध्या नहीं किन्तु स्वयं लावदेश है। लावदेश में भी मा-गंगा नदी (अंग्रेजी में मेकोंग) की घाटी। इस घाटी के असंख्य स्थानों का वर्णन फा लक फा लाम में मिलता है। इसी कारण से इसका प्रचार गांव-गांव में हुआ है।

फोम्म-चक बौद्ध भिक्षुओं की कृति है। इसका निर्माण बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए किया गया। कथा में कहा गया है कि राम बुद्ध गौतम हैं और रावण देवदत्त हैं तथा सीता यशोधरा। राम और रावण का युद्ध गौतम बुद्ध और मार का युद्ध है।

फा लक फा लाम की कथा

प्रस्तावना

जेतवन में इकट्ठे हुए भिक्षुओं को भगवान् बुद्ध ने श्री राम की कथा सुनाई —हमारे कल्प से बहुत पूर्व एक ब्राह्मण और उनकी पत्नी अगणित नाम के स्वर्ग से भूलोक में आए। इन्होंने एक नगर की स्थापना की जिसका नाम इन्द्रप्रस्थ नगर रखा गया। इनके १०१ पुत्र हुए जो भूलोक के १०१ राजा बने। बहुत वर्ष व्यतीत होने पर एक और कुमार का जन्म हुआ। लाव भाषा में इसका नाम थओ तप्प रामेश्वर दिया हुआ है। इसके दो कुमार हुए। इनमें से एक का नाम था दशरथ। दशरथ को राजगद्दी न मिली। इसलिए वह असन्तुष्ट होकर बाहर चले गए और मा-गंगा नदी के दक्षिण तीर पर एक और नगर की स्थापना की। इनके साथ दस सहस्र परिवार गए जो इस नगर में बसे। किन्तु इस क्षेत्र में सप्तशीर्ष-नाग का अधिकार था। उसने दशरथ से कहा कि तुम नदी के बाएं तट पर चले जाओ। दशरथ ने आदेश का पालन किया और शान्तापुरी-सप्तशीर्षनाग नाम की नई नगरी की स्थापना की। यह आधुनिक व्येन्त्यान् है।

रावणासुर का जन्म

इसी समय में एक ब्राह्मण देवलोक से नीचे उतरे और इन्द्रप्रस्थ की महिला के गर्भ में प्रविष्ट हुए। जो बालक उत्पन्न हुआ वह दस मास विलम्ब से उत्पन्न हुआ। उसके अंग बहुत छोटे थे। उसका नाम थाओ लुम लूत रखा गया। इन्द्र ने इसका पुनर्निर्माण करना चाहा। इसको देवलोक में ले गया और थेने नाम के देवता को दिया। थेने देवता ने इस बालक को ताम्बे के सांचे में ढाला किन्तु लुम लूत जैसा पहले था वैसा ही रहा। थेने देवता ने दूसरी बार चांदी के सांचे में और फिर सोने के सांचे में और अन्त में स्फटिक के सांचे में ढाला किन्तु सफलता न मिली। थेने देवता ने लुम लूत को इन्द्र के पास पहुंचा दिया। इन्द्र ने हीरे के सांचे में ढाला। लुम लूत सांचे में से सुन्दर अभिरूप अंगों वाला बनकर निकला। इसकी शोभा इन्द्र के समान थी। इन्द्र ने भविष्यवाणी की कि यह बालक शक्तिशाली, विक्रमशील, तथा बोधिसत्त्व को छोड़कर सब पर विजयी होगा। इन्द्र ने यह भी भविष्यवाणी की कि लुम लूत क्रोधी, कामी और लोभी होगा और अकाल मृत्यु को प्राप्त होगा।

देवलोक से लुम लूत भूलोक पर आया। उसके हाथ में खड्ग और धनुष थे। देवी मल्लिका के गर्भ में प्रवेश किया। देवी मल्लिका दशरथ के भाई विलुन्ह की रानी थी। विलुन्ह इन्द्रप्रस्थ नगर के सम्राट् थे। रानी ने दस मास अधिक समय तक गर्भ धारण किया। तत्पश्चात् धनुष और खड्ग लिए हुए एक बालक का जन्म हुआ जिसको रावणासुर का नाम दिया गया।

श्री राम का जन्म

तीन वर्ष की आयु में रावणासुर ने समस्त विद्याएं पढ़ने के पश्चात् अपने चचा दशरथ से कहा कि मुझे अपनी कन्या देवी शान्ता दे दो। देवी शान्ता की आयु भी तीन वर्ष की थी। रावणासुर की

अजेय शक्ति को जानते हुए दशरथ को देवी शान्ता देनी पड़ी। उसने देवताओं से प्रार्थना की—मुझे एक पुत्र दो—जो रावणासुर को जीत सके। इन्द्र ने भावी बुद्ध को भूलोक में भेजा। बुद्ध ने दशरथ की रानी के गर्भ में प्रवेश किया और दो भाई इकट्ठे उत्पन्न हुए। इनके नाम रखे गए श्री लक्ष्मण और श्री राम।

देवी शान्ता की उन्मुक्ति

श्री लक्ष्मण के धनुष की गूंज सारे संसार में फैल जाती थी। श्री राम के धनुष से समस्त आकाश मेघाच्छन्न हो जाता था। पृथिवी कांपने लगती थी। अपने कुमारों की शक्ति को देखकर महाराज दशरथ ने इनको इन्द्रप्रस्थ नगर भेजा। दोनों भाई मार्ग की नदियों को पार कर के और अनेक संकटों को दूर कर के तीन मास की यात्रा के पश्चात् इन्द्रप्रस्थ नगर पहुंचे। श्री राम ने नगर में प्रवेश किया और शान्ता को उठाकर ले आए। जब रावणासुर को पता लगा तब उसने श्री लक्ष्मण श्री राम और देवी शान्ता का पीछा किया। मा-गंगा नदी पर युद्ध हुआ, किन्तु गरुड और यक्षों की सहायता होते हुए भी रावणासुर पराजित हुआ।

मा-गंगा नदी को पार करना तथा देवी शान्ता का विवाह

श्री लक्ष्मण और श्री राम ने पराजित रावणासुर को आदेश दिया—हमारे लिए एक नौका बनाओ जिसमें प्रासाद हो तथा जो जल और स्थल दोनों पर चल सके। रावणासुर ने अपनी विद्या के बल से इस प्रकार की नौका बनाई। दोनों भाई और उनकी बहिन इस नौका पर सवार हुए और शान्तापुरी पहुंचे।

रावणासुर शान्ता के विरह से व्याकुल थे। वे फिर राजा दशरथ के पास गए और देवी शान्ता के लिए प्रार्थना की। देवी शान्ता और रावणासुर का विवाह हुआ। रावणासुर देवी शान्ता को लेकर इन्द्रप्रस्थ नगर पहुंचे और राज्य करने लगे।

ईश्वर(?) की कहानी

रावणासुर का राज्य असह्य था। उसकी पत्नी शान्ता, उसके पिता और पितामह राजधानी छोड़कर पहाड़ों में चले गए। दशरथ भी गद्दी पर राम को बिठाकर इसी पहाड़ पर आकर रहने लगे। इन्द्र ने दशरथ और उनके भाई के रहने के लिए महल बना दिया। इन्द्र ने इनको जादू के अस्त्र शस्त्र तथा इनका प्रयोग करने के लिए मन्त्रों की शिक्षा दी। कुछ समय के पश्चात् श्री राम के पितामह के दो कुमार उत्पन्न हुए। एक का नाम विरूपाक्ष और दूसरे का कुबेर रखा गया। इन्द्र ने श्री राम के पितामह का नाम भी परिवर्तन किया। नया नाम था ईश्वर(?)।

देवी सीता का जन्म

अपनी राजधानी लंका में ले जाने के पश्चात् रावणासुर ने इन्द्र से मन्त्र-विद्या सीखी और देवी सुसदा को भगा कर ले गया। देवी सुसदा व्याकुल हुई और उसने रावणासुर की रानी के गर्भ

में प्रवेश किया । रानी ने दस मास अधिक बीत जाने पर देवी सीता को जन्म दिया। देवी सीता ने जन्म के कुछ दिनों पश्चात् अपने पिता पर छुरी से आक्रमण किया। क्रुद्ध होकर रावण ने उसको बेड़े पर बिठाकर लहरों में छोड़ दिया । लहरें बेड़े को एक द्वीप में ले गईं जहां एक ऋषि निवास करते थे। ऋषि ने देवी सीता को उठा लिया और अपनी पुत्री बना लिया ।

श्री राम और देवी सीता का विवाह

देवी सीता के सौन्दर्य की ख्याति संसार में फैल गई । यह न जानते हुए कि यह मेरी कन्या है रावण ने उससे विवाह करना चाहा, किन्तु वह ऋषि के समय को पूरा न कर सका । ऋषि का समय था कि धनुष पर ज्या बांधी जाए । वह ज्या न बांध सका, किन्तु रावण रिक्तहस्त भी न लौटना चाहता था । इस लिए उसने देवी सीता की एक मूर्ति बनाई । उसमें प्राण डाले । उसको देवी सुपो का नाम दिया ।

इन्हीं दिनों श्रीराम और श्री लक्ष्मण को भी देवी सीता के सौन्दर्य का पता लगा । ये दोनों ऋषि के पास गए । ऋषि ने राम को धनुष दिया । राम ने सरलता से धनुष को उठाया और उस पर ज्या बांधी ।

देवी सीता का हरण

देवी सीता श्री राम की पत्नी बन गई । इससे रावण को बहुत दुःख हुआ । ईर्ष्या हुई । उसने निश्चय किया कि मैं देवी सीता का हरण करूंगा । रावणासुर श्री राम की अजेय शक्ति को जानता था, इसलिए उसने कूटनीति का प्रयोग किया । उसने स्वर्णमय हरिण को सीता के पास भेजा । सीता ने राम से प्रार्थना की । राम ने हरिण का पीछा किया और उसका बाण से वेधन किया । मरते समय हरिण चिल्लाया किन्तु चिल्लाने की ध्वनि इस प्रकार की थी जिससे सीता और लक्ष्मण को धोखा हो कि राम की ध्वनि है । ध्वनि को सुनकर लक्ष्मण ने देवी सीता को धरणी के समर्पण किया और अपने भाई श्री राम को ढूंढने के लिए चल पड़े । रावणासुर देवी सीता पर आ झपटा और उसको उठाकर ले गया ।

श्री राम का वानर-रूप

श्री राम और श्री लक्ष्मण सीता को ढूंढने निकले । भूखे प्यासे जंगल में घूमते हुए श्री राम ने न्यग्रोध वृक्ष के फल को खा लिया जिसमें मनुष्य का रूपान्तर करने की शक्ति थी । खाते ही राम का रूप वानर हो गया ।

हनुमान् का जन्म

एक ऋषि ने तपस्या का जीवन छोड़ दिया । सुन्दर युवती की मूर्ति बनाई । उसमें प्राण डाले । फिर उससे विवाह किया । उसका नाम था देवी खेसी ।

देवी खेसी के एक लड़की और दो लड़के हुए । लड़की का नाम था फेङ् सी । एक दिन फेङ्

सी जंगल में फूल ढूंढने गई। वहां उसने न्यग्रोध का फल खा लिया और खाते ही वानरी बन गई।

वानरी बनने के पश्चात् उसको वानर रूप में श्री राम मिले। दोनों का विवाह हुआ। जो लड़का उत्पन्न हुआ उसका नाम था हनुमान्।

दुन्दुभि और बाली की मृत्यु

दुन्दुभि नाम का एक भैंसा था। उसकी ५०० भैंसें थीं जिनसे वह रमण करता था। जब भी किसी बछड़े का जन्म होता वह उसको मार देता था। एक भैंस ने निश्चय किया कि मैं अपनी पुमान् सन्तान को बचाऊंगी। वह सफल हुई। पुमान् बच्चे ने अपने पिता दुन्दुभि पर आक्रमण किया और उसे मारकर अपना नाम दुन्दुभि रख लिया।

तत्पश्चात् युव-दुन्दुभि विजय के लिए बाहर निकला और मुओङ् काशी नाम के नगर में पहुंचा। इस नगर की स्थापना देवी फेङ् सी के दो पुत्रों सखिव और फारिचिन्ह अर्थात् बाली और सुग्रीव ने की थी।

यहां आकर दुन्दुभि ने बाली की पत्नी देवी कोत्तरत को घायल कर दिया। इसपर बाली और उसके भाई सुग्रीव ने दुन्दुभि पर आक्रमण किया, किन्तु वे दुन्दुभि को जीत न पाए। बाली ने दुन्दुभि से कहा—चलो गुहा के अन्दर चलकर मल्लयुद्ध करें। गुहा में प्रवेश करने से पहले बाली ने सुग्रीव से कहा कि यदि तुमको काले रंग का रुधिर बहता दिखाई पड़े तो उसका अर्थ होगा कि मैंने भैंसे को मार दिया। किन्तु यदि रुधिर का रंग लाल हो तो इसका अर्थ होगा कि भैंसे ने मुझको मार दिया। तब तुम गुहा के द्वार को बन्द कर देना जिससे भैंसा बाहर न निकल सके।

बाली ने भैंसे को मार दिया किन्तु भैंसे का रुधिर वर्षा के पानी में मिल गया और सुग्रीव ने समझा कि मेरा भाई मारा गया। सुग्रीव ने गुहा का द्वार बन्द कर दिया। बाली फिर भी गुहा के बाहर निकल आया और भाई पर आरोप लगाया कि तुम मेरा सिंहासन और पत्नी छीनना चाहते हो। यह कह कर उसने सुग्रीव को बाहर निकाल दिया।

घूमते फिरते सुग्रीव को श्री राम मिले। सुग्रीव ने राम को अपनी कहानी सुनाई और श्री राम ने सुग्रीव को सहायता करने का वचन दिया। सुग्रीव ने बाली का आह्वान किया। सुग्रीव ने बाली की पत्नी की आंखें निकाल दीं। वह भूमि पर गिर पड़ी। श्री राम ने अपना मानुष रूप धारण किया और बाण से बाली को मार दिया। सुग्रीव राजा बन कर बैठ गया और अपनी सेना श्री राम को अर्पण की।

यक्ष का विध्वंस

यहां एक यक्ष की कहानी आती है। इसकी शक्ति तर्जनी अंगुलि में थी। जिस किसी की ओर यह अंगुलि उठाता था वह तत्क्षण मर जाता था।

देवी देवसुता ने उपाय सोचा और यक्ष को एक नृत्य सिखलाया जिससे यक्ष को अपनी अंगुलि अपने सिर की ओर करनी पड़ी। इसके परिणाम-स्वरूप यक्ष मर गया।

श्री राम ने बाली की स्त्री को दोबारा दृष्टि प्रदान की और उससे विवाह कर लिया। दोनों

के पुत्र उत्पन्न हुआ जिसका नाम था थाओ खुआने थाओ फा।

युद्ध की सज्जा

सेना इकट्ठी करके श्री राम लंका की ओर चले। कुछ दूर जाकर श्री राम ने अन्वेषण किया कि मेरी सेना में ऐसे कौन से व्यक्ति हैं जो उड़कर समुद्र पार जा सकते हैं। ऐसे केवल दो ही व्यक्ति मिले। ये दोनों श्री राम के पुत्र थे—हनुमान् और थाओ खुआने थाओ फा। राम ने इन दोनों को अपनी अंगूठी और आदेश दिया कि यह अंगूठी और मेरे समाचार देवी सीता को पहुंचा दो।

हनुमान् तथा थाओ खुआने थाओ फा की लंका-यात्रा

मार्ग में हनुमान् और उसके भाई एक ऋषि की आज्ञा की अवहेलना करके एक तालाब पर जा पहुंचे। यहां दो जोकें इनको चिपट गईं। ऋषि ने अपनी लाला से उनको छुड़ाया। किन्तु हनुमान् और उसके भाई की आधी शक्ति क्षीण हो गई।

हनुमान् और उसके भाई ने लंका पहुंच कर सुन्दर मानुष रूप धारण कर लिया। ये दोनों देवी सीता के पास पहुंच गए और अंगूठी दे दी।

लंका में दोनों भाइयों ने बहुत उत्पात मचाया। एक रात को रावणासुर के सब लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया और राजा के घोड़ों को देवी शान्ता के घोड़ों के साथ बांध दिया और उनके समीप एक पत्र लिख कर छोड़ दिया कि घोड़े तब तक नहीं खुल सकेंगे जब तक रानी राजा को तीन चपत नहीं लगाएगी। इसका अभिप्राय यह था कि रावण की मन्त्रशक्ति का ह्रास हो जाए।

लंका-दहन

हनुमान् और उसके भाई ने फिर वानर-रूप धारण कर लिया। उनको पकड़ने के लिए बहुत से सैनिक नियुक्त किए गए। हनुमान् और उसके भाई पकड़े गए। सैनिकों से हनुमान् ने कहा—यदि तुम हमको मारना चाहते हो तो एक ही विधि है। तुम हमारी पूंछ पर कपड़ा बांध दो और उसपर तेल डाल कर आग लगा दो। सैनिकों ने ऐसा ही किया। दोनों वानर उछल पड़े और रावणासुर के महल तथा लंका के समस्त भवनों को आग लगा कर समुद्र में कूद पड़े। तथा समुद्र पार कर वे श्री राम के पास पहुंच गए।

लंका-युद्ध

श्री राम ने रावणासुर से कहा—देवी सीता को लौटा दो। थाओ फिक फी अर्थात् विभीषण, राजज्योतिषी तथा लंका के उपराज थाओ इंसि ने रावणासुर से कहा कि सीता लौटा दो। रावणासुर बहुत रुष्ट हुआ और तीनों को बाहर निकाल दिया। तीनों श्री राम से जा मिले।

समुद्र पर पुल बनाया गया और श्री राम की सेना ने लंका में प्रवेश किया। यहां रावणासुर की सेना के यक्षों से महायुद्ध हुआ। श्री राम की सेना के सेनापति हनुमान् थे और रावण की सेना के सेनापति थे पाया मुओङ् से। रावण के सेनापति मारे गए और सेना भागने लगी।

एक दिन ज्यौतिषी ने श्री राम से कहा कि आप पर बहुत आपत्ति आने वाली है। पहरे वालों को बहुत कड़े आदेश दिए गए परन्तु फिर भी रावणासुर का भेजा हुआ एक नाग सेना में घुस आया और श्री राम को पकड़ कर नागपुरी ले गया। हनुमान्, थाओ खुआने थाओ फा और दो सैनिक नागपुरी में गए और श्री राम को लौटा लाए।

श्री राम की विजय

पुनः युद्ध आरम्भ हुआ। रावणासुर और श्री राम अपनी-अपनी सेनाओं के अध्यक्ष बने। दोनों ओर से सैनिक बड़ी संख्या में मारे गए। श्री राम को रावणासुर ने एक बाण मारा। श्री राम घायल हुए। हनुमान् गन्धमादन पर्वत पर गए और वहां से बैल का गोबर लाए। इससे श्री राम अच्छे हो गए। तत्पश्चात् श्री राम ने मन्त्रशक्ति से रावणासुर को बाण मारा। रावणासुर धरती पर गिर पड़े और उनकी मृत्यु हो गई। रावण के यक्ष भाग गए और श्री राम ने लंका पर अपना अधिकार जमाया।

श्री राम ने विभीषण का विवाह देवी शान्ता से कर दिया और उसको लंका का सिंहासन समर्पण किया। स्वयं देवी सीता को साथ लेकर शान्तापुरी-सप्तशीर्ष-नाग नाम की नगरी में लौट आए।

श्रीराम की इच्छा थी कि हनुमान् को मानुष रूप दिया जाए। उन्होंने एक वृक्ष के फल का अन्वेषण कराया जिस को खाकर हनुमान् सुन्दर युवा बन गया।

देवी सीता पर आरोप

एक दिन अपनी सखियों को बताने के लिए देवी सीता ने रावणासुर का चित्र बनाया और उसी समय श्री राम आ पहुंचे। उसने चित्र को पलंग के नीचे छिपा दिया। जब श्री राम पलंग पर बैठे चित्र चिल्ला उठा मैं भी तो तुम्हारे समान शक्तिशाली राजा हूं। यह उचित नहीं कि तुम मेरे सिर पर बैठो। श्री राम ने पलंग के नीचे से चित्र को निकाला और पूछा कि चित्र किसने बनाया है।

श्री राम ने लक्ष्मण को आदेश दिया कि नगर के बाहर जाकर सीता का वध कर दो। उसके रुधिर से भरी हुई तलवार मुझे लाकर दो। श्री लक्ष्मण देवी सीता को जंगल में ले गए। यहां इन्द्र ने सीता को बचाया और उड़ने वाले घोड़े पर बिठा कर उसके पोषक ऋषि के पास पहुंचा दिया। लक्ष्मण सीता के रुधिर के स्थान में एक कुत्ते के रुधिर से भरी हुई तलवार श्री राम के पास ले गए।

श्री राम और देवी सीता का मिलन

तीन मास के पश्चात् देवी सीता के एक लड़का हुआ जिसका नाम रखा गया थाओ फाबूत। ऋषि ने इसको मन्त्रविद्या सिखलाई।

एक दिन यह लड़का बहुत समय तक जंगल से लौटकर नहीं आया और देवी सीता को चिन्ता

हुई । ऋषि ने लड़के की मूर्ति बनाई और उसमें प्राण डाल दिए । इस मूर्ति का नाम रखा—थाओ फारुप ।

ये दोनों लड़के शूरवीर बने । एक बार इनकी श्री राम से लड़ाई हो पड़ी । जब राम को पता लगा कि ये कौन हैं तो बहुत प्रसन्न हुए और उनके साथ देवी सीता के पास जा पहुंचे ।।

यह है श्री राम का इतिहास जिसको संसार जानता है, जिसने शान्तापुरी-सप्तशीर्ष-नाग पर राज्य किया और जिसके पश्चात् थाओ फाबूत सिंहासनारूढ हुए ।।

थाई लू की रामायण

एक बार जब भगवान् बुद्ध उपदेश कर रहे थे तब मार ने उपदेश में विघ्न डाला। बुद्ध भगवान् के शरीर से रश्मियां निकलीं और मार भाग गया।

भिक्षु चकित हुए। भगवान् बुद्ध ने कहा—पूर्व जन्मों में भी मैंने कई बार मार पर विजय प्राप्त की है। उस विजय की कथा इस प्रकार है।

एक बार लंका में यक्ष राज्य करता था। उस समय लंका में न कोई राज्य था न राज्य-व्यवस्था। मैंने लंका को अपने अधिकार में लिया और यक्ष भाग निकला। मैंने वहां धर्म की स्थापना की और विशाल चैत्य का निर्माण किया। देश में शान्ति फैली। देश समृद्धिशाली बना। १०१ राजाओं ने मेरा आधिपत्य स्वीकार किया।

उस समय लंका में पाया इलम्फा और उसकी पत्नी देवी अंखाती राज्य करते थे। इनके कोई सन्तान न थी। इन्होंने देवता से प्रार्थना की और देवता ने तोसने नाम के ऋषि को इनकी कामना पूरी करने के लिए भेजा। एक देवता ने रानी के गर्भ में प्रवेश किया। दस मास विलम्ब कर के एक अभिरूपवती कन्या का जन्म हुआ। इसका नाम देवी कुती रखा गया।

रावण का जन्म

पिता ने देवी कुती का विवाह करना चाहा। देवी कुती ने स्वीकार न किया और तोसने ऋषि के पास जंगल में रहने लगी। एक दिन एक ब्राह्मण इसको ढूंढने गया और उसको बतलाया कि तुम्हारे तीन पुत्र होंगे। ब्राह्मण ने उसकी नाभि को तीन बार छुआ और लोप हो गया। कुछ समय पश्चात् देवी कुती ने एक पुत्र को जन्म दिया जिसके दस सिर थे। इसका नाम फोम्मचक रखा गया। फोम्मचक का अर्थ है ब्रह्मजात। कुछ समय पश्चात् दो अन्य पुत्रों का जन्म हुआ—जिनका नाम था खन्नप और पियस्स।

बड़े होने पर तीनों लड़के अपने ब्राह्मण पिता से मिले। पिता ने कहा—वर मांगो।

रावण ने संसार में सब से अधिक शक्तिशाली होने का वर मांगा। ब्राह्मण ने उसको मन्त्र-शक्ति वाला धनुष दिया और कहा कि बुद्ध और वानर को छोड़ कर तुम अन्य सब प्राणियों पर विजय पाओगे।

दूसरे पुत्र ने वर मांगा कि मैं वर्षभर सोता रहूं। पिता ने उसकी कामना पूरी की।

तीसरे पुत्र ने वर मांगा कि मैं सब से अधिक बुद्धिमान् और धर्म-परायण बनूं। पिता ने उसकी भी कामना पूरी कर दी।

कुछ समय पश्चात् तीनों लड़कों ने लंका जाने का निश्चय किया। रावण ने अपने छोटे भाई पियस्स को अपने पिता के पास सिंहासन और छत्र लाने के लिए भेजा।

इन्हीं दिनों रावण ने श्री एस्वने की पुत्री देवी मन्तलि से विवाह कर लिया।

श्री एस्वने और दशरथ का इतिहास

श्री एस्वने तवतिंस नाम के देवलोक में राज्य करते थे। मदिरा-पान के कारण उनका पतन हुआ और वे भूलोक में गिर पड़े। इन्होंने इन्द्र से युद्ध किया।

दशरथ नाम के एक राजा थे जिनकी तीन रानियां थीं। एक का नाम देवी कुसुन्, दूसरी का नाम देवी मित्ता, तीसरी का नाम केसी था। दशरथ इन्द्र के मित्र थे और इन्होंने एस्वने को पराजित करने के लिए इन्द्र की सहायता की।

श्री राम का जन्म

जब से रावण ने लंका पर राज्य करना आरम्भ किया तब से लोग दुःखी हो गए। देवताओं ने उसको शाप दिया। इन्द्र ने रावण के पिता ब्रह्मा से कहा। पिता ने बतलाया कि केवल बुद्ध और वानर रावण को जीत सकते हैं। ब्रह्मा ने पृथिवी पर अनेक देवताओं को भेजा और इनमें भावी बुद्ध भी थे। देवता दशरथ की रानियों के गर्भ में प्रवेश हुए। दस मास के पश्चात् रानी कुसुन् ने श्री राम को जन्म दिया, देवी मित्ता ने लक्ष्मण को, और देवी केसी ने भरत को।

देवी सीता का जन्म

एक दिन रावण के उद्यान में एक वृक्ष से जिसका नाम निथोने होम था एक कन्या उत्पन्न हुई। माली ने कन्या का अपने स्वामी को उपहार दिया। किन्तु उसके देखते ही कन्या ने यक्ष का रूप धारण कर लिया। रावण ने उसको घड़े में बन्द कर दिया और नदी में फेंक दिया। लहरें कलश को कन्नकपुरी अर्थात् जनकपुरी के समीप ले गईं। घड़ा तट के बालू में घुस गया। जनक राजा के कोई सन्तान न थी। जनक राजा को एक ऋषि ने सूचना दी कि नदी तट के बालू में देवी सीता नाम की सुन्दर बालिका है। राजा जनक ने उसको ढूंढ लिया और उसको अपनी पुत्री बना लिया।

श्री राम का विद्याध्ययन

मन्त्रविद्या सीखने के लिए श्रीराम एक ऋषि के पास गए, जिन्होंने श्री राम को कौवे भगाने पर लगा दिया। वे कौवे ऋषि को बहुत तंग करते थे। राम ने अपनी मन्त्रशक्ति वाले धनुष से एक बार में ही सब कौवों को डरा कर भगा दिया। ऋषि प्रसन्न हुए और इन्होंने श्री राम को अपना शिष्य बना लिया।

इतनी कलाकृतियां विद्यमान हैं। यदि हम संसार के सभी देशों पर दृष्टिपात करें तब भी चीन की बौद्ध गुहाएं, प्राचीन कला और शिल्प की महत्तम गुहाएं हैं। बौद्धधर्म ने किस प्रकार साम्राज्य प्रवर्तकों और सामान्य जनता के जीवन को अनुप्राणित किया था उसका अनुमान इन पुरावशेषों तथा साहित्यानुशीलन दोनों से ही यथार्थ रूप में हो सकता है।

१५ जून १९५५ को विश्वविख्यात लुङमन् की गुहाएं देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। लुङमन् लोयाङ नगर से चालीस ली (३ ली=१ मील) दूर है। मार्ग में जाते हुए लुङमन् के समीप ही एक कोयले की खान खुदती हुई देखी। घोड़े-गाड़ियां, खच्चर और गधे कोयला ले जाते हुए मार्ग में मिलते रहे। पूछने पर यह निश्चय न हो सका कि कोयला खोदने वाले लुङमन् की गुहाओं पर आक्रमण करेंगे अथवा नहीं।

अब लुङमन् की गुहाओं में आइए। दो खड़ी हुई पहाड़ियों के बीच में से छोटा-सा नाला निकलता है। पहाड़ी असितवर्ण राजाश्म की बनी है। मूर्तियां बनाने के लिए यह पत्थर सुन्दर है। उत्तर वेई वंश के आरम्भ से यहां गुहाएं और मूर्तियां बनने लगीं और थाङ वंश में इनका विस्तार हुआ।

४९३+५७ विक्रम में जब राजधानी लोयाङ बनी और उत्तर वेइ के महाराज तथा उनके सामन्त लोयाङ में आए तो उन्होंने लुङमन् की शिलाओं में जीवन भरना आरम्भ किया। चीनी कवि इनको देखकर मुग्ध हो उठता है और कहता है कि शिलाएं भी स्वयं बुद्ध की पदवी तक पहुंच गई हैं और संसार के जीवन को सुखमय बनाने में सिद्ध हुई हैं।

वेइ महाराज के पश्चात् पूर्वी वेइ, उत्तरीय स्वी तथा थाङ राजाओं ने एक दूसरे से बढ़कर गुहाएं और मूर्तियां बनवाईं। महाराज काओ-त्सुङ तथा महारानी वू के समय में कला पराकाष्ठा पर पहुंची। महाराज श्वेन्-त्सुङ के काल में ह्रास आरम्भ हुआ।

ई नदी के दोनों ओर की पहाड़ियां गुहाओं से भरी हैं किन्तु बाएं तट पर ही लुङमन् की कला का वैभव है। वाम तट की गुहाएं दो भागों में बांटी गई हैं—उत्तर और दक्षिण। उत्तर भाग में प्रथम ६ गुहाएं और दक्षिण में शेष १५ गुहाएं हैं।

लुङमन् में अनेक गुहाओं की तिथि, दाताओं के नाम और खुदाई का वर्णन दिया हुआ है। इससे ऐतिहासिक अध्ययन में बहुत सहायता मिली है। सबसे पहली तिथि ४८३+५७ विक्रम है। जिसका अर्थ स्पष्ट है कि लोयाङ को राजधानी बनाने से कुछ पूर्व ही गुहाओं का कार्य लुङ्मन् में आरम्भ हो चुका था।

छोटी बड़ी मिलाकर लुङमन् में एक सहस्र के लगभग गुहाएं हैं।

लुङ्मन् कठोर राजाश्म का बना हुआ है। पत्थर के स्तर क्षैतिज नहीं किन्तु तीस अंश के प्रावण्य पर हैं। अतः गुहाओं का खोदना अत्यन्त कठिन है। परिणामस्वरूप अधिकांश गुहाएं छोटी हैं। परन्तु यहां पत्थर की कठोरता के कारण कला अति सूक्ष्म है। वर्षा और धूप मूर्तियों का अधिक विनाश नहीं कर पाई है। मूर्तियों की रेखाएं गहरी और तट स्पष्ट हैं।

विदेशियों ने चीन की कला में रुचि ली। उसका अनिष्ट परिणाम यह हुआ कि व्यापारियों ने १९१२-१९१३ के लगभग लुङमन् की मूर्तियों के सिर काट कर विदेशियों के हाथ बेचना प्रारम्भ

किया। आज लुङमन् की मूर्तियों के सुन्दर ऐतिहासिक शीर्ष लुङमन् में नहीं अपितु यूरोप और अमेरिका के अद्भुतागारों और कलाप्रिय समृद्ध जनों के गृहों की शोभा बने हुए हैं। केवल छ्येन् शि-स्स के आसपास की मूर्तियां इन लोलुप व्यामूढ व्यापारियों के हाथ से बची हैं।

उत्तर वेइ से आरम्भ होकर थाङ वंश तक की कला में महदन्तर उपस्थित हुआ। इसका कारण चीनी राज्य की समृद्धि है। चीन का राज्य पारसीक देश के समीप तक पहुंचा। भोट द्वारा थाङ कला और साहित्य का मगध से सम्बन्ध हुआ। समुद्रमार्ग से लंका का प्रभाव चीन पर पड़ा। इन्हीं दिनों श्वेन्-च्वाङ और ई-चिङ जैसे बौद्ध यात्री वान्-श्वेन्-थ्स जैसे चीनी अधिकारी और दूत भारत में आते रहे। और भारत और चीन के सम्बन्ध बढ़ते गए। गुप्तकला चीन में पहुंची और इन्हीं दिनों पारसीक कला का भी चीन को ज्ञान हुआ।

परिणाम-स्वरूप भारत की उच्च और गम्भीर कला से चीनी कला अनुप्राणित हुई। उत्तर वेइ से लेकर थाङ तक की कला के निदर्शन लुङ्मन् में सुरक्षित हैं। अब हम कुछ गुहाओं का वर्णन करेंगे।

१ली गुहा की मुख्य एवं विशाल मूर्ति शाक्यमुनि की है। दोनों ओर काश्यप और आनन्द हैं। उपासक रूप में बोधिसत्त्व दक्षिण उत्तर भित्ति पर खड़े हुए हैं। सभी पद्मासनों पर आरूढ हैं। संमुख दो देव पापात्माओं को कुचल कर उनपर खड़े हुए हैं।

इस गुहा की मूर्तियां अच्छे बड़े आकार की हैं। इनमें थाङ् वंश के प्रारम्भिक काल की ओजस्विता भरी है। आज अन्दर की चारों भित्तियां सर्वथा नंगी और कोरी हैं। किन्तु सम्भवतः इनपर रंगीन चित्र रहे होंगे।

२री गुहा में पद्मासन लगाए हुए बुद्ध की १२ हाथ ऊंची मूर्ति है। शरीर सुडौल है। रूपाकृति मनोमोहिनी और तेजस्विनी है। प्रभामण्डल नावाकार है। इसपर पद्म और अन्य पुष्प बने हैं। प्रभामण्डल के चारों ओर ज्वालाएं हैं। उपासक अर्हत् ११ हाथ ऊंचे हैं। सभी में स्वी कला का चमत्कार है।

अन्दर की छत अर्धचन्द्राकार है। मध्य में पद्म। उसके चारों ओर उड़ती हुई अप्सराएं। चारों भित्तियां छोटे-छोटे बुद्धमूर्ति-पूर्ण आलयों और स्तूपों से खचित हैं। ऊपर भित्ति पर चङ्क्वान् के २२वें वर्ष का शिलालेख है (विक्रम संवत् ६४८+५७)। इस लेख के अनुसार मैत्रेय की मूर्ति स्स-थुन् वीथि के निवासी युवक और वृद्धों ने मिलकर खोदी थी। इस शिलालेख के नीचे ही आसन पर मैत्रेय विराजमान हैं। उनके साथ दो अर्हत्, दो बोधिसत्त्व और दो वज्रधर हैं।

३री गुहा लुङ्मन् में सब से वैभवशाली है। यद्यपि मूर्ति समविभक्ताङ्गा है फिर भी औरों की अपेक्षा मुख कुछ लम्बा है और नेत्र पतली इन्दुकला के समान हैं।

भित्ति पर महाराजा और महारानी तथा उनके अनुचर उपासक के रूप में खड़े हैं। उनका रूप वास्तविकता और उदात्तता से पूर्ण है। कुछ जातकों की कथाएं भी प्रदर्शित हैं। एक में आत्माहुति करते हुए बोधिसत्त्व दिखाए गए हैं और दूसरे में सागर से चिन्तामणि की उपलब्धि का चित्रण है।

अन्दर की छत कुछ अण्डाकार है। मध्य में विशाल पद्म। उसके चारों ओर उड़ती हुई अप्सराएं और मेघ। गुहा कुट्टिम पर बड़े परिमाण के उत्पल कुसुम और वीचि-मालाएं उत्कीर्ण हैं। इन चित्रों की रक्षा के लिए भूमि पर चटाई बिछाई हुई है। शाक्यमुनि के चरणों पर सिंहयुग्म हैं।

४थी गुहा में कम्बुग्रीव शाक्यमुनि विराजमान हैं। कम्बुग्रीव मूर्तियां थाङ के पश्चात् लुप्त हो गईं। तीसरी और चौथी गुहा के मध्य में उत्कीर्ण शिलालेख के अनुसार वेइ के राजकुमार थाइ ने अपनी माता महारानी वन्-त के कल्याण के लिए बुद्ध की मूर्ति का निर्माण कराया था।

५वीं गुहा चिङ्-शान्-स्स है। सामने भित्ति पर ही मूर्तियों के खोदने का वर्णन है किन्तु तिथि नहीं दी गई। इस लेख के अनुसार थाङ्-वंश के राजा थाइ-त्सुङ् की महारानी वेइ नें इस गुहा को खुदवाया था। और लेखों से तुलना करने पर यह निःसन्देह ६५८+५७ विक्रम से पूर्व का लेख है।

६ठी गुहा में पर्वतानीक की चौड़ाई ३२ हाथ के लगभग है। इसको सम और मसृण बनाकर बुद्ध त्रिमूर्ति पर्वत में से उत्कीर्ण की गई है। मूल योजना के अनुसार बोधिसत्त्व-युग्म और वज्रधर-युग्म खोदे जाने चाहिएं थे। बोधिसत्त्व का सिर ही पूरा हो सका है। दायां बोधिसत्त्व भी अपूर्ण दशा में है। वज्रधरों की तो केवल रूपरेखा ही बनी है। तिथि का कोई निर्देश नहीं।

७वीं गुहा के द्वार के दोनों और वज्रधर खुदे हैं। यहां पर उत्कीर्ण शिलालेख के अनुसार यह गुहा ६८७+५७ विक्रम अथवा उससे भी पूर्व बनी है।

८वीं गुहा में एक सहस्र छोटी-छोटी बुद्ध की मूर्तियां बनी हैं। द्वार के समीप दक्षिण भित्ति पर खुदे हुए शिलालेख पर थ्येन्-शोउ का द्वितीय वर्ष अर्थात् ६९१+५७ विक्रम तिथि दी हुई है।

९वीं गुहा वान्-फो-तुङ् अर्थात् सहस्र-बुद्ध गुहा है। मध्य में शाक्यमुनि अष्टकोण आसन पर विराजमान हैं। दोनों ओर दो अर्हत् और दो बोधिसत्त्व हैं। शाक्यमुनि और उनका आसन गुहा की पीछे की भित्ति में से खोदे गए हैं। शाक्यमुनि के प्रभामण्डल में अनेक बोधिसत्त्व उत्कीर्ण हैं। छत में पद्मपुष्प की परिधि पर शिलालेख है कि युङ्-लुङ् के प्रथम वर्ष में (६८०+५७ विक्रम) भिक्षु च-युन् ने इस गुहा को बनवाया था।

१०वीं गुहा का प्रचलित नाम नतजानु-सिंह गुहा है। इस गुहा में बुद्ध और बोधिसत्त्वों के प्रभा-मण्डल चिन्तामणि आकार के हैं। यहां अनेक शिलालेख हैं। इनमें प्रथम तिथि ६७८+५७ विक्रम और अन्तिम ६९२+५७ विक्रम है।

भित्तिस्थ छोटे बुद्धों के उत्तमांग तोड़ दिए गए हैं। सौभाग्यवश नतजानु-सिंह अविकलांग बच गए हैं। इनकी अप्रतिम शोभा है। बाहर की भित्ति पर पञ्चभूमिक स्तूप खुदा हुआ है। इसकी ऊंचाई ४ हाथ से ऊपर है।

१२वीं गुहा का नाम ता-तुङ् अर्थात् महती गुहा है। इस गुहा का अगला भाग नाश हो चुका है। निचला भाग अपूर्ण छोड़ दिया गया है तथा बाहर की भित्ति अधघड़ी रह गई है। गुहा की ऊंचाई १६ हाथ है। पिछली भित्ति के शिलालेख में तिथि ६९१+५७ विक्रम तथा उत्तर की भित्ति

पर ६५६+५७ विक्रम तिथि उत्कीर्ण है। आलयों में खुदे बुद्ध ६ हाथ तक ऊंचे हैं।

१३वीं गुहा ल्येन्-ह्वा-तुङ् अर्थात् नीलोत्पल गुहा है। यह गुहा उत्तर वेइ के काल में आरम्भ की गई थी। इस गुहा में अनेक तिथियां दी गईं हैं। गुहा की मुख्य मूर्ति शाक्यमुनि का मुख पूर्ण चन्द्र के समान गोल न होकर कुछ लम्बा है जिससे उसकी शोभा बढ़ गई है। परिधान की रेखाएं ओजस्विनी हैं। यह मूर्ति उत्तर वेइ की परिपक्वता, तेजस्विता, महत्ता और उदारता का सुन्दर निदर्शन है।

१४वीं गुहा के प्रवेश-द्वार पर सिंहयुग्म रक्षा कर रहे हैं। छत ६ हाथ ऊंची है। छत में पद्मपुष्प खोदने का विचार था पर वह अधूरा रह गया है।

१५वीं गुहा की पिछली भित्ति में मुख्य बुद्ध, दो अर्हत् और दो बोधिसत्त्व उत्कीर्ण किए गए हैं। कला की दृष्टि से मूर्तियां साधारण हैं। दाईं और बाईं भित्ति पर बनी हुई बौद्ध पञ्चमूर्ति की तिथि शिलालेख में ६६०+५७ विक्रम दी हुई है। इस गुहा के सामने का भाग अपूर्ण छोड़ा हुआ है।

१६वीं गुहा खण्डित है। यह अपूर्ण है। मैत्रेय को छोड़ कर सब मूर्तियों के उत्तमांग नष्ट हो चुके हैं। छत और कुट्टिम ठीक प्रकार से नहीं बने। ऐसा प्रतीत होता है कि काम बीच में छोड़ दिया गया। भित्तियों पर तीन तिथियों के शिलालेख हैं।

१७वीं गुहा वेइ-अक्षर गुहा है। यद्यपि यह गुहा विशाल नहीं किन्तु उत्तर वेइ की कला की सुन्दर प्रतिनिधि है। प्रभामण्डल अतिहृदयंगम हैं। इस गुहा में भी अनेक तिथि वाले शिलालेख हैं।

१८वीं गुहा का निर्माण उत्तर वेइ में हुआ और जीर्णोद्धार थाङ् काल में। गुहा कुछ लम्बी है। बुद्ध की मूर्ति का आसन अपूर्णघटित है। इस गुहा के शिलालेखों में तीन तिथियां हैं। पहली तिथि ५३७+५७ विक्रम है। द्वार पर गरुड की मूर्ति उत्कीर्ण है।

१९वीं गुहा फ़ङ्-श्येन्-स्स में वैरोचन बुद्ध की सुमहती मूर्ति है। इस गुहा के संबन्ध में शिलालेख का वर्णन है कि थाङ् वंश के श्येन्-हङ् के तृतीय वर्ष (६७२+५७ विक्रम) में महाराज काओ-त्सुङ् ने अर्हद्-युग्म, बोधिसत्त्व-युग्म, देव-युग्म और वज्रधर-युग्म सहित सुविशाल वैरोचन बुद्ध-मूर्ति के उत्कीर्ण करने का आदेश दिया। शाङ्-य्वेन् के द्वितीय वर्ष (६७५+५७ विक्रम) द्वादश मास के ३०वें दिन यह महत् कार्य समाप्त हुआ। इसके लिए महारानी वू ने २० सहस्र क्वान् अपने पास से दान दिए। पांच वर्ष पश्चात् विहार की स्थापना हुई। इस विहार में १४ महापण्डित, जिनकी प्रज्ञा गम्भीर और शील उदात्त था, इस विहार में लाए गए। शिलालेख में आगे वर्णन है—"जब से यह उत्तम धर्म पूर्व में आया है तब से अब तक सात सौ वर्ष से ऊपर हो चुके। बुद्ध-विहार बनाने का पुण्य अग्रगण्य है।"

१९वीं गुहा चीन की बौद्ध कला की चरम सीमा है। इस विहार निर्माण के महत्कर्म में श-ची-स्स के ध्यान-आचार्य शान्-ताओ, फ़ो-हाइ-स्स के धर्माचार्य ह्वी-च्येन् सम्मिलित थे। निर्माण कार्य के अध्यक्ष शान्-ताओ सुखावती संप्रदाय के महाप्रवर्तकों में से हैं।

मूर्तियां पर्वत में से खोदी गई हैं। यहां पहाड़ी की चौड़ाई ६८ हाथ की है और गहराई ८० हाथ। वैरोचन बुद्ध की ऊंचाई २२ हाथ से ऊपर है। केवल आसन ६ हाथ ऊंचा है। प्रभा-मण्डल के शिखर से भूमि तक ऊंचाई ३० हाथ है। आसन वर्गाकार है। प्रत्येक कोने पर रक्षक खड़ा है। दोनों ओर योद्धा खुदे हुए हैं। सहस्रदल कमल के तीन दलस्तर हैं। प्रत्येक दल पर एक बुद्ध खुदा है।

भगवान् बुद्ध की सुन्दर विशाल मूर्ति महत्ता, वैभव और शान्ति की भावना उत्पन्न करती है। शरीर ओजःपूर्ण है। खेद है कि दोनों हाथ नष्ट हो चुके हैं और दोनों घुटने भी बहुत शीर्ण हो गए हैं। प्रभामण्डल नावाकार है। मध्य में कमल, कमल के चारों ओर बौद्ध मूर्तियां और अग्नि-ज्वालाएं इसके अद्भुत अलंकार हैं। यह निःसन्देह और निर्विवाद है कि बलशालिनी ओजस्विता में यह वैरोचन मूर्ति न केवल लुङ्मन् में किन्तु थाङ् वंश की समस्त कला के क्षेत्र में उत्कृष्टतम मूर्ति है।

वैरोचन के बाईं ओर काश्यप और दाईं ओर आनन्द हैं। दोनों की ऊंचाई बीस हाथ से अधिक है। मुखमुद्रा शान्त और भद्रता लिए हुए है। काश्यप और आनन्द के साथ के दोनों बोधिसत्त्व भी सौम्यता की मूर्ति हैं। किन्तु इनमें भी उत्तमांग कुछ अधिक भारी और शरीर कुछ छोटा पड़ता है। यह भेद मूर्तिकारों की दक्षता का भेद है।

दक्षिण और उत्तर की भित्ति में खुदे १८ हाथ ऊंचे वज्रधर देवों की महती मूर्तियां अजेय, अदम्य भावनाओं की व्यञ्जक हैं। किन्तु जो कला-कौशल वैरोचन के निर्माण में दिखाई पड़ता है वह न अर्हतों में, न बोधिसत्त्वों में, और न इन मूर्तियों में है। प्राचीन समय में मूर्तियों के ऊपर वितान रहे होंगे। भित्ति में बड़े स्तम्भों के लिए छिद्र बने हुए हैं।

२०वीं गुहा औषध-योग गुहा है। द्वार के दोनों ओर औषधों के योग दिए हुए हैं।

२१वीं गुहा कू-याङ्-तुङ् कहलाती है। शिलालेख के अनुसार राष्ट्र की समृद्धि के लिए इस गुहा का निर्माण किया गया था। गुहा आयताकार है। छत २० हाथ ऊंची है। कुट्टिम पर दो हाथ मिट्टी भरी गई। ४ हाथ ऊंचे आसन पर शाक्यमुनि विराजमान हैं। आसनों को सिंहों ने उठाया हुआ है। पुरानी मूर्ति का जीर्णोद्धार करते हुए इतना अधिक लेप और रंग चढ़ाया गया है कि इसकी मौलिक शोभा सर्वथा मारी गई। मुख्य बुद्ध की ऊंचाई नौ हाथ है। मुख और परिधान की रेखाओं में मौलिक शोभा है। यदि मिट्टी का लेप ऊपर न किया जाता और उसपर रंग न पोते जाते तो मूर्ति की आभा पूर्ण रूप में दृष्टिगोचर हो सकती।

इस गुहा के शिलालेख केवल तिथियों और अन्य ऐतिहासिक सूचना के लिए ही प्रसिद्ध नहीं किन्तु सुलेख के लिए भी प्रथित हैं। हमने परस्पर भिन्न सौन्दर्यमय सुलेख की दृष्टि से ही २० लेखों की छापें ली हैं। चीनी लेख-सौन्दर्य-विशारदों की दृष्टि से इनका मूल्य बहुत अधिक है।

श-खू-स्स गुहा पूर्वीय पहाड़ी में बनी है। बुद्ध आसन्दी में बैठे हैं। रूपाकृति भव्य है। यह मूर्ति थाङ् कला की उत्तम कृति मानी जाती है। बुद्ध की पीठ के पीछे एक यवनिका बनी हुई है जिसमें भारत की गुप्त कला की छाया झलक रही है। गुहा की भित्तियों पर वज्रच्छेदिका-सूत्र

उत्कीर्ण है तथा एक सहस्र छोटी-छोटी बुद्ध मूर्तियां बनी हुई हैं। छत में कमल, उड़ती हुई अप्सराएं और मेघ शोभायमान हैं। कला के शत्रु व्यापारियों की लोलुपता से मूर्तियों के उत्तमांग लुप्त हैं।

हमको लुङ्मन् में जितना समय लगाना चाहिए था उतना तो न लगा सके किन्तु जो भी थोड़ा समय मिला उसमें लुङ्मन् की मनोरमता को नेत्रों द्वारा लगातार एकाग्र ध्यान से पान करते गए। और हृदय में बद्धप्रतिष्ठित करते गए कि जीवन के शेष वर्षों तक इस रमणीयता का परिमल साथ रहे। यद्यपि लुङ्मन् चीन की भूमि पर स्थित है और इसका श्रेयस् और गर्व चीनियों को है और होना चाहिए तथापि लुङ्मन् भारत की आत्मा का ही तो खण्ड है। यहां चीनी प्रभाव और परिवर्तन अवश्य है किन्तु मूल और स्थूल दृष्टि से, आध्यात्मिक तथा कला की दृष्टि से इसमें भारत का भी हाथ है। लुङ्मन् में भारतीय वैभव के जो दर्शन हमको हुए उनसे हम कृतकृत्य होकर कोयले की खान की काली धूल से बचते हुए अपने निवास-स्थान पर लौट आए।

जिस रस और आनन्द का अनुभव, जिस प्राचीन और नवीन काल की एकता की भावना आज हुई वह पहले कभी न हुई थी। हमको ऐसा लगा जैसे कि हम पन्द्रह सौ वर्ष पार कर पार्थिव शरीर और नेत्रों सहित गुप्त काल में और गुप्त राष्ट्र में पदार्पण कर गए हों। यह अद्भुत और अविस्मरणीय है और रहेगा॥



The Gāyatrī mantra in Manchu, Chinese, Mongolian and Tibetan scripts

THE SACRED VEDIC PRAYER GĀYATRĪ IN THE LANDS OF MAHĀYĀNA BUDDHISM

The Gāyatrī mantra, which is considered to be the central point of Hindu worship has penetrated Buddhist worship too, throughout the vast areas covered by China, Tibet, Mongolia and Manchuria. The political boundaries of the above are crossed over by the Gāyatrī. It has gone wherever the Mongols have gone, for example the Soviet areas of Siberia and Baikal Lake as well as the basin of the Volga where the Kalmuks reside. There one would find the Lamas reciting the Gāyatrī in their musical tones or in a sing-song manner.

The Gāyatrī like other mantras is hardly understood. It is recited for the magic effect of its sound. The Gods understand. It does not matter if the reciter does not.

But not understanding the words has led to many corruptions. Although it has not become unrecognizable, it has strayed far away from the original. No single word has escaped corruption. Vowels and consonants alike have suffered.

We shall note some of these corruptions :

Long vowels have been shortened. The long आ of प्रचोदयात् has been shortened. The long ऊ of भूर् has been shortened. Long ई in धी has been shortened.

ए in वरेण्यं and in देवस्य has been shortened to short इ. ओ in भर्गो, धियो, यो and प्रचोदयात् has been shortened to उ.

On the other hand short इ in धीमहि has been changed to ए.

The final consonants in भूर् and स्वस् have received an additional अ, सुवितुर् has received an additional इ, तत् and प्रचोदयात् an additional उ.

Visargas after भुवः and नः have been dropped.

Even inside the word there is the svarabhakti vowel इ added after र् in भर्गो.

Consonant have also suffered. त in सवितुर् has become द. भ in भर्गो has become ब. ध in धीमहि and धियो has become त. च in प्रचोदयात् has become ज. Devoicing and deaspirating has thus taken place. ण्यं in वरेण्यं has been reduced to नन्.

There are some changes which one would not ordinarily expect. They are the change of ग to व in भर्गो, द in देवस्य to म, स्य in देवस्य to हि, म in धीमहि to न, and द in प्रचोदयात् to न.

Dissyllabic धियो looses its first vowel.

Altogether the above changes result in a number of unrecognizable words, such as बरिवु for भर्गो, मिबहि for देवस्य, तिनहे for धीमहि, त्यु for धियो, यु for यो, and प्रजुनयतु for प्रचोदयात्.

The entire mantra reads as follows :

ओं	भुर्	भुब	स्ब । स	ततु	सबिदुरि	वरिनन् ।
(ओं)	(भूर्)	(भुवः)	(स्वस्)	(तत्)	(सवितुर्)	(वरेण्यम्)
बरिवु	मिबहि	तिनहे	त्यु ।	यु	न	प्रजुनयतु ।
(भर्गो)	(देवस्य)	(धीमहि)	(धियो)	(यो)	(नः)	(प्रचोदयात्)

The first and third punctuation marks are also badly placed. ओं is the only word which is absolutely correct. In the earlier period it seems to have been better known. In the quotation in the Divyāvadāna (p. 638 of Cowell and Neil's edition) there are only two errors.

LET US CULTIVATE FAMILIARITY WITH CHINESE GEOGRAPHICAL NAMES

China and India are neighbours. They have been so and they shall remain so. But in understanding we are the remotest from China. Even the names of provinces, cities, mountains and rivers that we meet on the map and in newspapers escape our grasp.

Chinese sounds are peculiar. They are distinct from ours. Their combinations, each name being composed of two or three syllables, are new to the Indian ears. They are a challenge to Indian memory.

The only way to grasp these names is to analyse them and understand them. Like their Sanskrit counterparts, they are significant. Sanskrit and Chinese are the two great languages of the world which have the infinite capacity of forming words for the most diverse and complicated situations. Even in modern times, Chinese is coining words by tens of thousands for denoting modern times. Even proper names like Buddha (Fo, literally 'no man', i.e. 'super-man'), Bible (sheng shu) and Roman Catholicism (t'ien chu chiao) find adequate translations. An electric battery (tien hsia-tzu), a bicycle (chiao t'a ch'e), to play billiards (ta t'ung ch'iu-erh) or simple biscuits (kan po-po) all find a translation. There is no such thing as internationalism forbidding the formation of new Chinese expressions.

Hereunder are the names of the 26 provinces of China, arranged in alphabetic order for ready reference. Chinese words are associated inseparably with the Chinese written symbols which denote not the sound but the thing itself, the sound or pronunciation changing from place to place.

Side by side with the standard English spellings of the western maps, I am adding a broad phonetic transcription in Devanāgarī which approximates the Mandarin pronunciation more closely than the Roman transcription. I have avoided the use of diacritical devices which would have only embarrassed the lay reader. For the same reason tones have also not been indicated. The long ā in Devanāgarī represents an open sound and not necessarily a long one.

The Chinese characters are written vertically. But here they are placed side by side as is usually done in modern times when Chinese words and passages have to be quoted in the body of a foreign language. Following the same tradition they are to be read left to right. Normally Chinese is to be read from right to left. Chinese uses no hyphens or any other device to mark out compounds. In Devanāgarī also we have followed the Chinese practice.

I am grateful to Professor L.C. Cha, to have assisted me in this effort to bring Chinese geographical names within the intellectual horizon of my countrymen.

NAMES OF PROVINCES

安徽

1 **An-hwei** आन् हुइ 'peace in the area of Hwei'. The province lies to the west of Nanking.

浙江

2 **Che-kiang** च च्याङ् 'Che river'. It borders the sea. It is the land of Buddhist temples.

青海

3 **Ching-hai** चिङ् हाइ 'blue lake'. It is the land of the founder of the yellow sect of Tibetan Buddhism. Herein is situated the famous Koko Nor lake.

福建

4 **Fu-kien** फ़ु च्येन् 'blessed area of Kien'. Famous for its lacquer-work.

河南

5 **Ho-nan** ख़ नान् 'South of Ho'. Ho refers to the Hwang-ho river. It is the central province of China.

河北

6 **Ho-peh** ख़ बै 'North of Ho'. In this province is situated the capital of China, Pei-ping or Pe-king.

湖南

7 **Hu-nan** ख़ु नान् 'South of the lake'. Famous for embroidery and tungsten mines.

湖北

8 **Hu-peh** ख़ु बै 'North of the lake'. It is in this province that the revolution to throw the monarchy was started by Dr. Sun Yat-Sen.

甘肅

9 **Kan-su** कान् सु 'sweetened with peace'. Famous for its Tun-huang caves, otherwise known as the Caves of Ten Thousand Buddhas.

江蘇

10 **Kiang-su** च्याङ् सु 'river at peace'. Here are situated Shanghai and Nan-king. It has been noted for its scholars.

江西

11 **Kiang-si** च्याङ् शि 'West of the river'. Famous for chinaware.

廣西

12 **Kwang-si** क्वाङ् शि 'vast space of the West'. It is noted for its landscape, magnificent mountains and rivers.

廣東

13 **Kwang-tung** क्वाङ् दुङ् 'vast space of the East'. Famous for its lichee fruits. Here it may be recalled that lichee is a Chinese word. The people of this province are spread all the world over. The famous town of Canton is its capital.

貴州

14 **Kwei-chow** कुइ चोउ 'noble area'. It was once famous for its silver mines.

蒙古

15 **Mon-ku** मङ् गु 'Mongolia'. The land of nomads and Lamas.

寧夏

16 **Ning-sia** निङ् श्या 'peaceful land of the Sia'. Irrigation has been practiced in this province in the upper basin of the Yellow River since ancient times.

山西

17 **Shan-si** शान् शि 'West of the mountain'. The cradle of ancient Chinese culture.

山東

18 **Shan-tung** शान् दुङ् 'East of the mountain'. The home of Confucius.

陝西

19 **Shen-si** शान् शि 'West of the Shen valley'. The Buddhist Yun-kang Caves of this province go back to the 5th century A. D. They are the counterparts of Indian Ajanta.

西康

20 **Si-kang** शि काङ् 'prosperous West'. It lies on the Eastern border of Tibet. Here gold is washed out of the water of rivers.

西藏

21 **Si-tsang** शि त्साङ् 'Western treasure-basket'. It is the name of Tibet. Tsang is the same character as is used to translate पिटक (in त्रिपिटक 'the three baskets' of holy Buddhist scriptures).

新疆

22 **Sin-kiang** शिन् च्याङ् 'new territory'. Otherwise known as Chinese Turkestan. Most of it is a desert, sparsely inhabited by Muslims. The ancient route from India to China lay through this province.

綏遠

23 **Sui-yuan** सुइ युआन् 'peaceful frontier'. It is a part of Mongolia with good pastures and fields.

四川

24 **Sze-chwan** स्स च्वान् 'four rivers'. It is the richest heartland of China. Here is situated Chung-king, the wartime capital of Chiang Kai-shek.

東北

25 **Tung-peh** दुङ् बै 'North-East'. Commonly known as Manchuria. It is the most highly industrialised part of China.

雲南

26 **Yun-nan** युन् नान् 'South of the clouds'. It borders Burma and Indo-China. From Yun-nan and Kwang-si are supplied men and material for the Viet-nam forces fighting in Indo-China.

NAMES OF CITIES

廈門

27 **A-moy** श्या मन् 'building-gate'. One of the first sea-ports visited by Euro-peans.

廣州

28 **Can-ton** क्वाङ् चोउ 'spacious city'. Here, and in two subsequent names, चोउ denotes the capital of a province. The people are adventurous traders.

福州

29 **Foo-chow** फु चोउ 'blessed city'. From here the Chinese have spread all over South-East Asia.

香港

30 **Hong-kong** हाङ् काङ् 'fragrant harbour'. It is an island town, still the stronghold of the British.

杭州

31 **Hang-chow** हाङ् चोउ 'Hang city'. Famous for works of art and for its West Lake.

昆明

32 **Kun-ming** कुन् मिङ् 'jade-light'. Noted for copperware.

南京

33 Nan-king नान् जिङ् 'Southern capital'. It has been the capital of the South since ancient times.

寧夏

34 Ning-po निङ् बो 'quiet tide'. An important sea-port.

北平

35 Pei-ping बै पिङ् 'peaceful North', or **Pe-king** बै जिङ् 'Northern capital'. The cultural and political capital of China.

上海

36 Shang-hai शाङ् हाइ 'up the sea'. The industrial and commercial centre of modern China.

天津

37 Tien-tsin ठ्येन् चिन् 'heavenly stream'. The commercial port of North China.

NAMES OF MOUNTAINS

崑崙

38 Kun-lung कुन् लुङ् 'jade mountain'. Famous for its jade. It is a part of Tien-shan, the highest mountain of China, 23600 feet.

南山

39 Nan-shan नान् शान् 'Southern mountain'.

南嶺

40 Nan-ling नान् लिङ् 'Southern range'.

秦嶺

41 Tsin-ling चिन् लिङ् 'Tsin range'.

阿拉山

42 A-la-shan आ ला शान् 'A-la mountain'.

陰山

43 In-shan इन् शान् 'shaded mountain'.

NAMES OF RIVERS

黄河

44 Hwang-ho ह्वाङ् ख् 'yellow river'. Chinese civilisation developed along this river.

揚子江

45 Yang tze-kiang याङ् त्स च्याङ् 'Yang-tze river'. It is the most navigable of Chinese rivers. The richest provinces lie in its basin.

珠江

46 Chu-kiang चू च्याङ् 'pearl river'. It is the river of South China. The city of Canton is situated on its mouth.

कोरिया और भारत के सांस्कृतिक सम्बन्ध

श्रीलंका, बर्मा, थाइ, कम्बुज, लाव (अंग्रेजी में लाओस)—इन देशों में थेरवाद का प्रसार हुआ। उत्तर में चीन, कोरिया और जापान में महायान का।

कोरिया देश चीन की उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित है। यहां से जापान बहुत समीप है अथवा यूं कहें कि जापान का कोरिया समीपतम पड़ौसी है। कोरिया का इतिहास वैसे तो प्राचीन काल से आरम्भ होता है किन्तु हमारा सम्बन्ध चौथी पांचवीं शताब्दी से आरम्भ होता है। इस समय कोरिया में तीन राज्य थे। इनमें से कोगूर्यू राज्य चीन के साथ लगा हुआ था और इसलिए सर्वप्रथम कोगूर्यू राज्य में ही भारतीय धर्म का प्रचार हुआ। महाराज सोसूरिम् वाङ् के द्वितीय वर्ष में ४२९ विक्रम संवत् में सुन्दो नाम का भिक्षु बुद्ध की मूर्ति और सूत्र लेकर कोरिया में प्रविष्ट हुआ। इसके पूर्व का इतिहास हमें नहीं मिलता। विक्रम ४६१ का वर्ष विशेष स्मरणीय है। इस वर्ष में पहला भारतीय आचार्य कोरिया देश में आया और ४३२ विक्रम में दो मन्दिरों की स्थापना हुई। ये मन्दिर प्योङ् याङ् नगर में स्थापित हुए। इन मन्दिरों के नाम थे इबुल्लान् और सुङ्मुन्। भारतीय आचार्य का भारतीय नाम क्या था यह निश्चित करना सम्भव नहीं। कोरिया में उसका नाम आदो प्रसिद्ध है। आचार्य आदो के आगमन के दस वर्ष पश्चात् महाराज चिम्-र्यू-वाङ् के प्रथम वर्ष में दूसरे भारतीय आचार्य कोरिया में पधारे। इनका नाम था मल्लानन्द। ये पेकजे नाम के दूसरे कोरिया राज्य में पधारे। इनके आगमन के पश्चात् पेक्जे राज्य में भारतीय धर्म का घोषनाद गूंज उठा। नया धर्म, नए विचार, नई कला और नए उल्लास का प्रसार हुआ।

४७४ विक्रम में कोरिया के तीसरे राज्य शिल्ला में महाराज नूल्-चि-वाङ् के काल में कोगूर्यू से होकर एक तीसरे भारतीय आचार्य पधारे। इनके भी शुद्ध भारतीय नाम का पता नहीं चलता। कोरिया में ये मूखोजा नाम से प्रसिद्ध हैं।

कोरिया के तीनों राज्यों में अलग-अलग सम्प्रदायों की स्थापना हुई। कोगूर्यू में सामोन् जोङ् सम्प्रदाय की, पेकजे में यूल् जोङ् अर्थात् विनय सम्प्रदाय, और शिल्ला में यूसिक् जोङ् सम्प्रदाय की। शिल्ला में ही प्रज्ञावाद का प्रारम्भ हुआ। चारों ओर मन्दिरों और विहारों की स्थापना होती गई। राजा और प्रजा ने मुक्तहस्त से श्रद्धा और भक्ति से इनका निर्माण किया। भगवान् बुद्ध की और भारतीय आचार्यों की पीतल की मूर्तियां ढलने लगीं। चारों ओर चित्र बनाए जाने लगे। पूजा आदि में प्रयुक्त पात्रों का निर्माण करने के लिए अनेक शिल्पियों का उद्भव हुआ।

इससे पूर्व कोरिया में कला का स्तर बहुत नीचा था। भारतीय धर्म के प्रवर्तन से वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, काष्ठकर्म, धातुकर्म, लिखना-पढ़ना, दार्शनिक विचार, उपदेशात्मक आख्यान और आख्यायिकाएं — इन्होंने देश को समृद्ध बनाया।

इतना ही नहीं कोरिया स्वयं ही उन्नत नहीं हुआ, किन्तु इसने जापान को भी सभ्यता,

संस्कृति, धर्म, साहित्य आदि का दान किया। इससे पूर्व जापान में लोग लिखना-पढ़ना न जानते थे। कोरिया के आचार्य दाम जेउङ् जापान गए। बुद्धधर्म की स्थापना की। पत्र और मसी बनाना सिखाया। चीनी के बर्तन बनाना सिखाया।

कोरिया के इतिहास में क्यूमिक् नाम के पण्डित का विशेष स्थान है। ये पहले श्रद्धालु भक्त थे जिनकी जिज्ञासा परमज्ञान के मूलस्रोत भारत में इनको खींच लाई। ये भारत से विनय-सम्बन्धी ग्रन्थों को ले गए और इनका अनुवाद किया। ये पेकजे के निवासी थे।

पेकजे के एक दूसरे विद्वान् क्वान् रेउक् एक ओर धर्मशास्त्रों के पण्डित थे और दूसरी ओर ज्तोतिष में निष्णात थे। ये जापान में गए और इन्होंने होर्यूजी जैसे विश्वविख्यात मन्दिरों की स्थापना की। भारतीय धर्म तथा विद्याओं का नगर-नगर में प्रचार किया।

कोरिया के चित्रकारों में से सोल्गू का नाम प्रातःस्मरणीय है। इनके बनाए हुए अवलोकितेश्वर और विमलकीर्ति आदि के चित्रों की शैली भारतीय शैली है। कहते हैं कि कौवे और दूसरे पक्षी इनके चित्रण किए हुए देवदारु के वृक्षों पर उड़कर आते थे। उनको यह वृक्ष सचमुच का वृक्ष दिखाई पड़ता था। सोल्गू की चित्रकला अजन्ता की चित्रकला है।

तीनों राज्यों के भिक्षु देश के नेता थे। वे अर्थशास्त्र और राजनीति में भी मन्त्रणा देते थे। इन लोगों का देश और विदेश का ज्ञान विस्तृत था। ये चिन्तनशील थे। इसलिए राजकीय कार्यों में इनके परामर्श की अपेक्षा थी। कभी-कभी ये राजदूत बना कर भी विदेशों में भेजे जाते थे।

तीनों राज्यों में से शिल्ला का राज्य अधिक शक्तिशाली बनता गया और ७१६ विक्रम में शिल्ला का आधिपत्य हो गया। शिल्ला की संस्कृति बौद्ध संस्कृति है। शिल्ला के विद्वानों में वुन् छेउक् अग्रणी आचार्य हैं। ये संस्कृत भाषा के महापण्डित थे। इन्होंने विज्ञप्ति-मात्रता दर्शन की बहुत अभिवृद्धि की। इनका नाम चीन में भी फैला। बुद्धावतंसक महावैपुल्य समस्त कोरिया का प्रमुख सम्प्रदाय बन गया। १०१२ विक्रम तक अर्थात् शिल्ला के आधिपत्य के अवसान तक बुद्धावतंसक महावैपुल्य सम्प्रदाय का आधिपत्य रहा। आचार्य वुन् ह्यो बुद्धावतंसक महावैपुल्य सम्प्रदाय के दूसरे विख्यात विद्वान् थे। इनकी ख्याति चीन में पहुंची। इनकी टीकाओं का वहां अध्ययन हुआ।

आठवीं-नवीं शताब्दी में ध्यान सम्प्रदाय का कोरिया में प्रवेश हुआ। राजा और रानी, राजकुमार और मन्त्री, सेनापति और योद्धा, आत्म-कल्याण के लिए ही नहीं किन्तु निर्भयता, शूरता और विक्रम के लिए भी ध्यान का अभ्यास करने लगे।

चीन में ध्यान राष्ट्रीय साधना बन गया था। जिस प्रकार चीन में मानसिक और शारीरिक बल की प्राप्ति के लिए ध्यान का अवलम्बन किया जाता था उसी प्रकार कोरिया में भी ध्यान जीवन का आधार बन गया। महलों, झोंपड़ियों और विहारों में छोटे और बड़े पद्मासन लगाकर मन को एकाग्र करना सीखने लगे। इनका आधारभूत सिद्धान्त था—शान्ति में कर्मठता और कर्मठता में शान्ति। कोरिया के शासकवर्ग से ध्यानाभ्यास जापान के शासकवर्ग में पहुंचा।

कोरिया में ध्यान के कई सम्प्रदाय बने। कोरिया के साधक और सिद्ध दूर-दूर जाने लगे। यहां तक कि चीन में इनके मन्दिर और निवास-स्थान बनाए गए।

अब हम फिर एक बार कोरिया और भारत के सम्बन्धों की ओर आते हैं। हमारे पास कोरिया के ६ यात्रियों के नाम हैं जिन्होंने भारत में आकर अध्ययन किया और तत्पश्चात् लौटकर चीन और कोरिया में भारत-धर्म का प्रचार किया। भारत-धर्म केवल भारत-धर्म न था, यह विश्व का धर्म था। इन आचार्यों के नाम भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य हैं। हेचो, हेयुप्, ह्युगाक्, एविजुङ्, ह्युंजो। अन्य कितने यात्री आए थे, कहना सम्भव नहीं। यह हमारा कर्तव्य है कि इनके नामों का अन्वेषण करें। आचार्य हेचो ने तो भारत के पांच प्रदेशों की यात्रा का वर्णन लिखा है। यह वर्णन प्राचीन काल के इतिहास में अमूल्य मणिस्वरूप है। इसका आज तक भारतवर्ष में ज्ञान नहीं। इसका भारतीय भाषाओं में अनुवाद होना चाहिए।

कोरिया में भारत, अफगानिस्तान और चीन के समान गुहाएं और स्तूप बनाए गए। प्रभूत-रत्न और शाक्यमुनि के स्तूप उल्लेखनीय हैं, सुखगूलम् की गुहा पहाड़ी में काटकर नहीं बनाई गई, किन्तु अलग-अलग शिलाखण्डों से इसका निर्माण किया गया। ऊपर से मिट्टी डाल कर पहाड़ी का रूप दिया गया। इस गुहा के बनाने में गणित और ज्योतिष का प्रयोग किया गया। सुखगूलम् गुहा भारत की गुहाओं की पुत्री है। भारतीय यात्रियों को उसके दर्शन से शान्ति और उल्लास मिलेगा। गान्धार और गुप्त कला कोरिया की कला बन गई। ठोस पत्थर की मूर्तियां जीवित-जागृत मनुष्य की उदात्त भावनाओं की वाहक बन गईं। पुण्डरीक सच्चे धर्म का प्रतीक है। सिंह धर्मराज का प्रतीक है। धर्मराज के शब्द सिंह-गर्जन के समान हैं। कोरिया के नृत्य, वाद्य और संगीत भी भारत के नृत्य, वाद्य और संगीत के शिष्य बन गए।

शिल्ला के युग के पश्चात् ९९३ विक्रम से कोर्यू के युग का प्रारम्भ होता है। यह युग १४४८ विक्रम तक चला। इस युग में बौद्ध धर्म कोरिया का राज्य-धर्म बन गया। राजा ताइजो ने सप्तभूमि और नवभूमि स्तूपों की स्थापना की। इनकी स्थापना से राज्य सुदृढ हुआ, सुप्रतिष्ठित बना। जनता में अनुशासन और धर्म का प्रचार हुआ।

कोर्यू वंश के राज्य में ५ शास्त्र सम्प्रदाय और २ ध्यान सम्प्रदाय बने। आगे चलकर इन्हींके १२ सम्प्रदाय बन गए। इनमें एक हीनयान सम्प्रदाय भी था।

कोर्यू वंश के राजाओं ने विहारों और मन्दिरों को सुदृढ बना दिया। भिक्षुओं में राजवंश के जनों की संख्या बढ़ती गई। विहारों से शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् राजकुमार प्रशासन-कर्म में लग जाते थे। राजनीति में इनका अच्छा हाथ था। ११९२ विक्रम में जनता की क्रान्ति के नेता भिक्षु थे। १४०७ से १४१७ विक्रम तक शिन्दोन् भिक्षु ने दासों को उन्मुक्त कराने का भारी यत्न किया। किन्तु कन्फूशस के अनुयायियों ने उसको मरवा दिया।

विक्रम की १२वीं शताब्दी में एविचुन् नाम के आचार्य ने चीन से बहुत सूत्रों का संग्रह किया। २० वर्ष लगाकर ४७४० पुस्तकों का संग्रह किया और महाधर्मकोष अर्थात् त्रिपिटक की रक्षा के लिए हेउङ् वाङ् नाम के मन्दिर में एक विशेष संस्था की स्थापना की। एविचुन् राजवंशज थे।

अन्तिम भारतीय जिनका नाम कोरिया के इतिहास में सुरक्षित है १४वीं शताब्दी के अन्त में कोरिया में आए। कोरिया में इनका नाम जिगोङ् विख्यात है। इनके पश्चात् कोई भारतीय आचार्य

कोरिया में आया हो सो पता नहीं। इतिहास में कोई वर्णन नहीं। आचार्य जिगोङ् कोरिया में मूसाइंग्ये लाए थे, जिससे बौद्ध धर्म को नई शक्ति मिली थी।

जिगोङ् के शिष्यों ने ली-वंश के अत्याचारों के विरूद्ध बहुत काम किया। कोर्यू वंश का विश्व-विख्यात काम महाधर्मकोष का प्रकाशन है। ६० वर्ष में ६ सहस्र भागों का प्रकाशन हुआ। इस समय महाराज ह्यु न् जोङ् राज्य करते थे। यह विक्रम की ११वीं शताब्दी का अन्त था। इनकी मृत्यु के ५५ वर्ष के पश्चात् महाराज कोजोङ् के राज्य में अगले ४७०० खण्डों का प्रकाशन हुआ। इस प्रकार महाधर्मकोष की पूर्ति हुई। यह महाधर्मकोष चीन के सुङ् संस्करण के आधार पर बनाया गया था। संसार में यह सर्वश्रेष्ठ था। आक्रमणकारी मोंगोलों ने इसको जला दिया। महाराज कोजोङ् के २३वें राज्यवर्ष में तीसरा संस्करण प्रकाशित किया गया। इसके मुद्रण में १६ वर्ष लगे। ८१,२५३ काष्ठपट्ट खोदे गए। महाधर्मकोष के संस्करणों में यह सब से पुराना है।

बौद्ध धर्म के साथ-साथ चीनी के नीले रंग के पात्रों के निर्माण की कला की वृद्धि हुई। इस कला का ध्यान के साथ संबन्ध था। पात्रों का रमणीय और गहरा नीला रंग ध्यान का वर्ण था।

१४४९ विक्रम में ली-वंश की स्थापना हुई। इस वंश का प्रवर्तक बौद्ध था, ध्यानाभ्यासी था, किन्तु धीरे-धीरे कन्फूशस के अनुयायियों के प्रभाव से वह बौद्ध-विरोधी बनता गया। १४६३ विक्रम में उसने १२ सम्प्रदायों के २ सम्प्रदाय बना दिए—एक शास्त्र, दूसरा ध्यान सम्प्रदाय। मन्दिरों का नाश किया। केवल २४२ मन्दिर रह गए। ली-वंश में यह धर्म-विरोधिनी नीति १९६७ विक्रम तक चलती रही। १९६७ विक्रम में जापानी आ गए और आधुनिक युग का प्रारम्भ हुआ।

ली-वंश में बौद्ध धर्म नगरों से हट कर पर्वतों में जा छिपा। मन्दिरों में राजकुमारों का प्रवेश बन्द हुआ। केवल ग्रामीण जनता आती थी। बौद्ध धर्म ग्रामीणों का धर्म रह गया। केवल महाराज सेजो के काल में (१५१३-१५२५ विक्रम) बौद्ध धर्म फिर महलों में प्रविष्ट हुआ और शास्त्रों का प्रकाशन हुआ। इनमें से अनेक शास्त्रों का हांकुल लिपि में प्रसार किया गया।

यहां हांकुल लिपि का विशेष वर्णन करना आवश्यक है। हांकुल लिपि के आविष्कार से पूर्व कोरिया देश में लिखने-पढ़ने की भाषा चीनी थी। १५०० विक्रम में महाराज सेजोङ् के आदेश से इस लिपि का निर्माण हुआ। इस लिपि का आधार ध्वनि है। इस लिपि के निर्माण में संस्कृत पद्धति का अनुसरण किया गया। इस लिपि में २८ अक्षर हैं। कुछ स्वर, कुछ व्यञ्जन। आ ई ओ की मात्रा व्यञ्जन के आगे लगती है। ऊ की मात्रा व्यञ्जन के नीचे। स्वरों में ह्रस्व दीर्घ का भेद नहीं। सेजो महाराज के राज्य में वुंगाक् नाम का प्रसिद्ध मन्दिर निर्मित हुआ। अनन्त धन के व्यय से महा-धर्मकोष प्रकाशित हुआ।

महाराज सेजो के पश्चात् फिर बौद्ध धर्म विरोधिनी नीति चलने लगी। १६४९ विक्रम में जापानियों ने कोरिया पर आक्रमण किया। बौद्ध भिक्षु मातृभूमि की रक्षा के लिए सन्नद्ध हो गए। ७३ वर्ष के बूढ़े भिक्षु ने भिक्षु-सेना बनाई। भिक्षुओं ने काषाय छोड़कर क्षत्रिय-वेष धारण किया। जापानी आक्रमणकारियों को असुर कहा गया। महामैत्री और महाकरुणा के सिद्धान्त को आगे रखते हुए एक शत्रु को मार कर सहस्रों की रक्षा करना भिक्षुओं ने अपना कर्तव्य समझा। भिक्षु शान्ति से किन्तु शूरतापूर्वक लड़े। उनमें मृत्यु का भय न था। कन्फूशस के अनुयायी सामन्त और

सेनाधिकारी शत्रु से डरकर युद्ध भूमि से भाग निकले। युद्ध सात वर्ष तक रहा। एक समय आया कि शत्रुओं ने मन्दिर को घेर लिया और समस्त भिक्षुओं को बन्दी बना लिया। भिक्षुओं ने जापानी सेनापति से पूछा—क्या तुम बौद्ध हो। सेनापति ने कहा—मैं बौद्ध हूं। भिक्षुओं ने फिर पूछा—यदि तुम बौद्ध हो तो पञ्चशील को कैसे भूल गए। पञ्चशील का पहला वचन है हिंसा मत करो। किसी को मत मारो। फिर तुम जनता को कैसे मारते हो। इस पर सेनापति ने सब को छोड़ दिया और सेना को आदेश दिया कि इस मन्दिर को कोई न लूटे।

संघराज ने कविता लिखी जिसका गद्यानुवाद इस प्रकार है—

यह हिमपात, यह शीत।
नीली कुर्ती और लाल टोपी पहने
हमारी जनता के शवों के ढेर लगे हैं।
मेरी ग्लानि और व्यथा का अन्त नहीं॥
दिन अस्त हो रहा है।
पर्वत आंखों से ओझल हो रहे हैं।
किधर मैं अपनी आखें फेरूं।
समुद्र को देखूं तो क्या देखूं।
मेरा मन विह्वल है व्याकुल है।

अन्त में जापान हारा और संघराज कोरिया के प्रतिनिधि बनकर सन्धिकर्ता के रूप में जापान गए। नौ मास तक वहां ठहरे और कोरिया के सहस्रों बन्दियों को छुड़ा कर लाए तथा सुख-शान्ति की स्थापना की।

कोरिया में कई अवसर आए जब भिक्षुओं ने देश की रक्षा के लिए हाथ में शस्त्र उठाए।

ली-वंश के अन्तिम दिनों में हाम्-युङ् नाम के आचार्य ने सुन् वुन् वोर्यु नाम का अद्भुत ग्रन्थ लिखा। इसमें भारत, चीन और कोरिया के धर्माचार्यों का वर्णन किया। यह ग्रन्थ महत्त्वपूर्ण है। इसका भी हमारी भाषा में अनुवाद होना चाहिए।

यद्यपि लो-वंश में बौद्ध धर्म का अधिकांश विरोध रहा तब भी ली राजाओं के दरबार में र्युङ् सान् होइ साङ् नाम के संगीत में भारतीय ध्वनि है। जनता के गीतों में भी भारत का रंग है। इसी प्रकार उनके नृत्य में।

ली-वंश के युग में अनेक भारतीय कथाएं जनता में फैल गईं। इनका आधार कर्म और संसार के विचार थे। इन कथाओं का हिन्दी में अनुवाद होना चाहिए। आज से ४८ वर्ष पूर्व जापानियों ने कोरिया पर आक्रमण किया और ३६ वर्ष तक कोरिया पर राज्य किया। जापानी युग में बौद्ध धर्म विरोधिनी नीति तो समाप्त हुई किन्तु जापान ने भिक्षुओं को अपनी सत्ता की प्रतिष्ठा के लिए प्रयोग करना चाहा। जापानियों का यह प्रयत्न सफल न हुआ। कुछ भिक्षु जापानियों की ओर आए, कुछ राष्ट्रभक्त बने रहे।

इस युग में कोरिया में अनेक संस्थाएं बनीं। विद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थापना हुई।

बुद्ध-धर्म के उपदेश के लिए विशेष संस्थाएं बनाई गईं। ध्यानाभ्यास के लिए साधना-स्थल बनाए गए। पत्र और पत्रिकाएं प्रकाशित होने लगीं। जापानी शासन के प्रारम्भ काल में (१९७० विक्रम) ही लंका के एक भिक्षु कोरिया पहुंचे। इनका नाम धर्मपर था। इन्होंने कहा कोरिया और भारत की जनता की आज एक समान स्थिति है। यह बुद्ध-शरीर आपको भेंट देने आया हूं। इससे आपकी जनता और आपके धर्म का भविष्य वैभवमय होगा। बुद्ध-शरीर को जनता ने बड़े हर्ष और उत्साह के साथ स्वीकार किया। गाक्वाङ् मन्दिर में स्थापना की। जनता ने चांदी के पात्र भेंट किए। लोहे की अलमारियां दीं और सहस्रशः धन्यवाद किया। यहां यह स्मरण रखना चाहिए कि उस समय लंका भारत का अंग था।

आज से १३ वर्ष पूर्व रूसी सेनाएं कोरिया में आईं और जापानियों को बाहर निकाला। इसके पश्चात् दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया में संघर्ष आरम्भ हुआ। दक्षिण में अमरीका की सेनाएं तथा उत्तर में चीन की सेनाएं आ गईं। उत्तर और दक्षिण में वर्षों तक घमासान युद्ध चलता रहा। गांव-गांव में गोले बरसे। घर और नगर नाश हुए। मन्दिर और स्तूप धूलिसात् हुए। शताब्दियों की निधियां भस्म हो गईं। आज भी दक्षिण और उत्तर कोरिया अलग-अलग देश हैं। दोनों में कोई सम्बन्ध नहीं। न मनुष्यों का, न डाक का, न तार का और न रेल का।

उत्तर में कुछ मन्दिरों का जीर्णोद्धार किया गया है विशेषकर वज्रगिरि में। यहां कुछ भिक्षु रहते हैं। इनकी भाषा में संस्कृत के शब्दों का पर्याप्त मिश्रण है। इनके प्रतिनिधि बुद्ध-जयन्ती के अवसर पर भारत आए थे। उनके नेता का नाम था किम्-हाइ-जिन्। बुद्धभूमि में यात्रा कर के इन्होंने अपने जीवन को धन्य माना।

अब भारत स्वतन्त्र है। कोरिया में भी शान्ति है। इस शान्ति की स्थापना में भारत का पर्याप्त योगदान है। कोरिया की जनता हमारी कृतज्ञ है। इसके लिए कोरिया के एक मित्र ने प्राचीन कहानी सुनाई। यह कहानी भारतीय है। व्याघ्र और ब्राह्मण की। वास्तव में यह कहानी यहां लागू नहीं होती फिर भी बहुत दूर से संस्मरण मात्र है कि किस प्रकार एक शशक ने अपनी बुद्धि से ब्राह्मण की रक्षा की और व्याघ्र को लौटाकर पिंजरे में भेज दिया। सैनिक दृष्टि से भारत की कोई शक्ति नहीं। फिर भी भारत ने अपनी कल्याण-बुद्धि से युद्ध को पहले सीमित किया, शेष संसार में न फैलने दिया और फिर शान्ति स्थापित करने में सहायता की। गोले बरसने बन्द हुए। अब जनता के जीवन के उद्धार के लिए अधिकाधिक औद्योगिक निर्माण-योजनाएं चल रही हैं। जनता के आध्यात्मिक पुनर्निर्माण के लिए बौद्ध भिक्षु यथाशक्ति अपना योगदान दे रहे हैं।

भारत और कोरिया प्राचीन समय से मित्र हैं और वर्तमान में तथा भविष्य में मित्र रहेंगे। संसार में सुख और शान्ति की स्थापना के प्रतीक और पक्षपाती रहेंगे॥

THE PRACTICE OF THE BUDDHIST TENET OF AHIṀSĀ IN JAPAN

The Japanese people recognise fully their debt to India in raising them from primal conditions of life and mind. But not so with the Indian people. In a vague way they know that Japanese religion is predominantly Buddhist. By Buddhism again they understand entirely a different thing than is practised in Japan. Books on Indian history, read by them in the schools, bring into high relief the doctrine of Ahiṁsā 'non-killing, non-annoying' of any living creature, not even for food. This doctrine has, however, never flourished in any of the countries outside India. India lost the statues of Lord Buddha, but not the great doctrine for which Buddha came into being. Other countries accepted Buddha, the numerous tenets, rites, scriptures, and systems of philosophic thought connected with his name, but connived at this, to them inconvenient, control of the palate in favour of a vaster life of sympathy for the mute population of the world. In the earlier and middle ages of Japan the monks, nuns and a few pious men and women practised vegetarianism, but it was so superficial that at the mere touch of the West it disappeared rapidly. Formerly a nation of fish-eaters, it is now equally proud of being beef and pork eaters. Even the pious whether among the clergy or the laity relish, without any compunctions, the forbidden meat. In recent years Ahiṁsā i.e. feeling of fellowship for the mute world, has taken a new form, that of memorial services. They will interest the reader by their novelty and freshness. Howsoever corrupt Buddhism still lives; it still forges new channels for expression. Finding non-killing impossible it still tries to retain what it can. Let the readers see it for themselves.

1. In Tokyo the members of the woodprint engravers' guild occasionally hold memorial services in honour of the spirits of countless cherry trees whose lives they and their fellow craftsmen have taken in making woodprint engravings. Up to 1911 all woodprint engravings made in Japan utilized cherry wood for the blocks. Since then about 20% of the blocks have been made of box-wood. Leaders of the guild, realizing that Japanese culture owes much to woodprint engraving, hold such services as the only way of showing their sentiments for the tree which has contributed so much to the artistic life of Japan. The first service of this kind was held in Tokyo on April 1, 1923 at the Shinryoin Temple near Ueno Park.

2. On May 21, 1932 an elaborate Buddhist mass for all the silkworms which have given their lives for the silk industry in Japan was recited by 24

priests in the Asakusa Kwannon Temple, Tokyo. This memorial service was the idea of Mr. Kijima, the head of the seventh generation of a family of silk thread dealers in Tokyo. At Uzumasa, near Kyoto there is a small shrine called Kijima Jinja, dedicated originally to honour and give thanks to silk-worms and weaving machines for the production of silk thread, perhaps erected by an ancestor of Mr. Kijima mentioned above.

3. On March 22, 1932 a Buddhist mass service for the purpose of comforting the spirits of fish that have been caught to feed the nation was held at the great Sodo sect temple, Sojiji in Tsurumi and elsewhere. The next day the Tsurumi priests observed a service on the sea for fish that had died from natural causes. This took place on the waters of Tokyo Bay. These services were held under the auspices of organizations of marine-products dealers throughout Japan and the Government Department of Fishery and were made possible through their monetary contributions. It is expected that this service will be observed annually.

4. On November 6, 1932 a service was observed in Hibia Park, Tokyo in honour of the Chrysanthemums which have beautified the November Chrysanthemum exhibits in the park held annually for many years.

5. Annually in early June, a Buddhist service is held at the Teikoku Primary School in Nishi Sugamo, Tokyo, for dolls that have been broken beyond repair. The dolls are buried in the play ground of the School, the grave being marked by a stone about two feet high inscribed "Grave of Dolls". Since the service was started in 1918 several hundred broken dolls have been buried there. The ceremony is always largely attended by school children and their mothers. Priests chant sūtras intended to compose the soul of the dead. This service is an outgrowth of the Doll Hospital conducted by the school since 1913. An expert repairs all dolls turned in at the 'Hospital', and those broken beyond repair are saved for the annual ceremony which never fails to delight and impress the children. Dolls have been the intimate friends and companions of children from time immemorial and they are regarded and treated by children as living beings and are factors in their education, and that is stated to be the reason for establishing the 'Hospital' at the school. The dolls, thus treated here, have exceeded ten thousand in number.

At another place, the Kosenji Temple in Tokyo, the first stone at the entrance on the left is a grave stone for broken dolls and toys. It was placed in 1931 through the contributions of the pupils of several girls' schools, each one giving a few *sen*. The names of the schools are on the back of the stone. The temple priest states that there are no set days for the burials but that broken dolls and

toys are on occasion buried under the stone.

6. Yearly on December 8th, but more generally on February 8th, services for broken needles are held in many girls' schools, and in some private homes, to comfort the spirit of needles broken during the year, the needle being regarded as a living thing whose body has been sacrificed in service. An altar consisting of two or three steps is set up. In front of it is the sacred staff and rope, cut paper strips being suspended from it. On the top step offerings of cake and fruit are placed. On the second step is a plate on which is a cube of bean-curd, into which the broken and crooked needles are thrust, the idea being to give the needles a soft rest.

7. Under the auspices of the Tokyo Ivory Art Object Dealers' Association and the Association of Artists of Ivory Carving, a Buddhist mass for the spirits of elephants which have supplied ivory for ivory carving in Japan, was celebrated by 21 priests on April 15, 1926 at the Gokoku Temple in Otowa. It was attended by more than one thousand persons.

8. 'The Butchered-Cow-Tree-Stūpa' is a monument erected in the precinct of the Gyokusenji temple, near the decaying stump of the citrus tree to which was tied the cow that was first butchered for meat in Japan. This was an unusual slaughter as the tenets of the Buddhist religion then strictly prohibited the use of meat for food, though fish had been in common use. This historic event took place in 1856 so that Mr. Townsend Harris, the first U. S. Consul General to Japan, who was domiciled in the temple, could be supplied with beef. It is further recorded that when it became known that Mr. Harris was a beef-eater the owners of cows throughout the neighbourhood were so alarmed that they built high railings around their cow-sheds in order to prevent their cows from being butchered for the Consul. These cows were used for draft purposes and not for yielding milk. The stump of the cow tree is enclosed by a marble fence and is protected from the elements by a bronze lotus leaf. A new sapling has been planted at the back of the stump. The monument of marble and bronze, ten feet in height, topped with an image of Buddha, was unveiled on April 8, 1931 the birth-day of Buddha. Its cost of 5000 yen was met by contributions of dealers and users of beef in the eastern part of Japan, under the auspices of the butchers' guild of Shimoda province, which promoted the project.

INDIA'S CONTRIBUTIONS TO JAPANESE REFINEMENTS

All that is Indian in Japan reached there through Buddhism, which wended its way thither through China and Korea. There are a few small items of great artistic and cultural value which, though lost in India, or lingering on in a rather crude way among the common people, are still flourishing as fine arts in the lovely homes of Japan. The burning of incense (*kodo* in Japanese) was developed as a cult by the luxurious eighth Ashikaga shogun, Yoshimasa in the 15th century. He was the originator of several other fine arts, e.g. landscape gardening and tea ceremony. It has ever since remained the pastime of the cultured.

At this aesthetic pastime the guests, as rare incences are burned, try to guess the name of the incense. Sometimes the participants form two groups, the group making the greatest number of correct guesses winning the prizes. In olden days, when nobles formed the parties, swords, armour, and many other treasures were given away as prizes.

